https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिंदी अखबार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस आज

वर्ष: 5 । अंक: 142 | जयपुर, रविवार, 03 मई, 2026 । ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष-द्वितीया, विसं 2083 | पृष्ठ: 12 । मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### गीतकार प्रसून जोशी बने प्रसार भारती के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने प्रख्यात गीतकार और लेखक प्रसून जोशी को प्रसार भारती का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को इसकी घोषणा की। जोशी साहित्य, विज्ञापन और सिनेमा में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रचनात्मक प्रतिभा बताते हुए बधाई दी। इससे पहले जोशी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके नेतृत्व से प्रसार भारती को नई दिशा और रचनात्मक ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई गई है।

### दुष्कर्म केस के बाद IG किशन सहाय एपीओ



**जयपुर।** राज्य सरकार ने आईजी (मानवाधिकार) किशन सहाय मीणा को एपीओ कर दिया है। उनके खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 53 वर्षीय महिला ने मालवीय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें मीणा पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। शिकायत डाक के माध्यम से भेजी गई थी, जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। मामले की जांच साउथ जिले में एडीसीपी जिज्ञासा को सौंपी गई है।

### रोहित जैन बने RBI के नए डिप्टी गवर्नर



**नई दिल्ली।** सरकार ने रोहित जैन को तीन साल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। वह टी. रबी शंकर का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। वर्तमान में जैन आरबीआई में कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दी है और वे जल्द ही पदभार संभालेंगे। आरबीआई में कुल चार डिप्टी गवर्नर होते हैं, जो बैंक की नीतियों और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पिंकसिटी में तेज हवाओं से पेड़ गिरे, करंट लगने से बाइक सवार की मौत

# सुबह छाया अंधेरा, रात में फिर बरसी राहत

■ प्रदेशभर में एक हफ्ते तक जारी रह सकता है असर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह करीब साढ़े 9 बजे तेज आंधी और बारिश शुरू होते ही घने बादलों के कारण दिन में ही अंधेरा हो गया। अचानक बदले मौसम ने शहरवासियों को चौंका दिया। तेज हवाओं के कारण मानसरोवर इलाके में एक बड़ा पेड़ गिर गया, जिससे नीचे खड़ी कई गाड़ियां दब गईं। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। शहर के बाईस गोदाम, नंदपुरी, टोंक फाटक, रामबाग सर्किल, सोडाला, डीसीएम और सी-स्कीम सहित कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई। दोपहर में 5 से 7 मिनट की तेज बरसात से तापमान में गिरावट आई और भीषण गर्मी से राहत मिली। जयपुर में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब 2 डिग्री कम है। शाम तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहा और रात 8 बजे के बाद एक बार फिर तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। जवाहर नगर, झोटवाड़ा और वैशाली नगर समेत कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई। बदनपुरा स्थित श्री मुरली मनोहर जी मंदिर में आंधी से टीन शेड गिर गया। वहीं जयसिंहपुरा खोर में बिजली का तार गिरने से एक बाइक सवार करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।



जयपुर के जेएलएन मार्ग पर शनिवार रात को बारिश का नजारा। फोटो: पंकज शर्मा

■ पेज 03 भी देखें।



जयसिंहपुरा खोर में बाइक सवार पर बिजली का तार गिरने से हुई मौत।

### एक नजर

| | |
|---|---|
| जैसलमेर | 44.4°C |
| फलोदी | 44.0°C |
| बीकानेर | 43.5°C |
| चित्तौड़गढ़ | 43.0°C |
| जयपुर | 38.4°C |

### पश्चिमी राजस्थान में गर्मी का असर बरकरार

राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों में गर्मी का असर बरकरार है। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 44.4°C और फलोदी में 44°C दर्ज किया गया, जबकि बीकानेर में 43.5°C तापमान रहा। फलोदी में गर्म रात के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पाई। मौसम केंद्र के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा। मई के पहले पखवाड़े में 10-12 दिन तक मौसम प्रभावित रह सकता है। जयपुर, सीकर और झुंझुनूं में ऑरेंज अलर्ट, जबकि कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## अतिक्रमण पर जीरो टॉलरेंस... अधिकारियों को सख्त संदेश

# लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: CM

### मानसून से पहले नालों की सफाई और ट्रैफिक सुधार पर जोर

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शहरी विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को सख्त संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं तय समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरी हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर सहित प्रदेश के सभी शहरों में सुगम यातायात, स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण और योजनाबद्ध शहरी विकास सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मानसून से पहले नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि कचरे का समय पर उठाव और निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, साथ ही सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो।



बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ एसीएस सीएमओ अखिल अरोड़ा, सीएम के सचिव डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, डीआईजी सीएम सिक्योरिटी गौरव यादव, जेडीसी सिद्धार्थ महाजन, पुलिस कमिश्नर जयपुर सचिन मित्तल और अति.पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच।

### जयपुर में सिग्नल फ्री चौराहों पर फोकस

यातायात सुधार के लिए मुख्यमंत्री ने शहर के अधिक से अधिक चौराहों को सिग्नल फ्री बनाने, अनावश्यक रोड कट बंद करने और पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने सीवरेज और ड्रेनेज परियोजनाओं को प्राथमिकता देने की बात कही, ताकि शहरों में बेहतर और सुरक्षित बुनियादी ढांचा विकसित हो सके। उन्होंने जयपुर को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करने के लिए भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया।

### परियोजनाओं की समीक्षा

बैठक में शहर की कई प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा भी की गई। इनमें सालिग्रामपुरा आरओबी, सिविल लाइंस फाटक आरओबी, गोपालपुरा और सांगानेर एलिवेटेड रोड, अरण्य भवन-जगतपुरा रोड, पुरानी चुंगी अंडरपास, राम मंदिर आरओबी, द्रव्यवती एलिवेटेड कॉरिडोर और महल रोड कॉरिडोर शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जेडीए, नगर निगम, पुलिस विभाग और जयपुर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

## माइन निष्क्रिय करते समय बड़ा हादसा

# छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट, 4 जवान शहीद



**एजेंसी** | कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में शनिवार को आईईडी विस्फोट में 'जिला रिजर्व गार्ड' (DRG) के एक निरीक्षक सहित चार जवान शहीद हो गए। यह हादसा कांकेर-नारायणपुर सीमा के पास छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के आदनार गांव के जंगल में उस समय हुआ, जब सुरक्षा बल बारूदी सुरंग को निष्क्रिय करने के अभियान पर थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, टीम को माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटकों और सामग्री की सूचना मिली थी। अभियान के दौरान जवानों ने एक 'डंप' बरामद किया और बाद में दूसरा संदिग्ध स्थान खोजा। इसी दौरान जमीन में दबे आईईडी को बाहर निकालने की कोशिश करते वक्त अचानक विस्फोट हो गया।

### ऑपरेशन के दौरान हुआ विस्फोट

इस घटना में DRG के निरीक्षक सुखराम वट्टी, जिला बल के आरक्षक कृष्णा कुमार कोमरा और बस्तर फाइटर्स के जवान संजय गढ़पाले ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल जवान परमानंद कोर्राम को एयरलिफ्ट कर रायपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि हाल के महीनों में आत्मसमर्पण कर चुके माओवादियों से मिली जानकारी के आधार पर सैकड़ों आईईडी बरामद कर निष्क्रिय किए जा चुके हैं।

## आपात चेतावनी प्रणाली का सफल परीक्षण

# 11:45 बजे बजा अलर्ट सायरन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

शनिवार सुबह 11:45 बजे देशभर में करोड़ों मोबाइल फोन पर एक साथ सायरन की आवाज और इमरजेंसी अलर्ट मैसेज आने से लोगों में कुछ समय के लिए भ्रम की स्थिति बन गई। बाद में स्पष्ट हुआ कि यह राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम की राष्ट्रीय स्तर पर की गई टेस्टिंग थी। मोबाइल स्क्रीन पर हिंदी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में संदेश फ्लैश हुआ, जिसे ऑडियो के रूप में भी सुनाया गया। यह मैसेज इनबॉक्स में सेव नहीं हुआ, क्योंकि इसे सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक के जरिए भेजा गया था। सरकार ने पहले ही नागरिकों से अपील की थी कि इस परीक्षण संदेश से घबराएं नहीं। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस सेल ब्रॉडकास्ट चेतावनी प्रणाली की शुरुआत की। यह तकनीक आपदा या आपात स्थिति में किसी विशेष क्षेत्र के सभी मोबाइल फोन पर तुरंत अलर्ट भेजने में सक्षम है।

### आपदा के समय मिलेगी तुरंत चेतावनी




इस प्रणाली को सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (C-DOT) ने 'SACHET' प्लेटफॉर्म के तहत विकसित किया है, जो कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल पर आधारित है। इसे देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय किया जा चुका है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक इस सिस्टम के जरिए 19 से अधिक भाषाओं में 134 अरब से ज्यादा अलर्ट संदेश भेजे जा चुके हैं।

## साउथ 24 परगना में BJP-TMC कार्यकर्ताओं में झड़प

# बंगाल में 15 बूथों पर दोबारा मतदान, 87% वोटिंग

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में शनिवार को डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों के 15 बूथों पर दोबारा मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। शाम 5 बजे तक मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों में 86.11% और डायमंड हार्बर के 4 बूथों में 87.60% मतदान दर्ज किया गया। इस तरह कुल औसत मतदान लगभग 86.86% रहा। हालांकि मतदान के दौरान साउथ 24 परगना जिले में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की घटनाएं सामने आईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों को हस्तक्षेप करना पड़ा। फालता इलाके में कुछ मतदाताओं ने TMC कार्यकर्ताओं पर हमले और बाद में पुलिस लाठीचार्ज के आरोप लगाए। वहीं TMC ने आरोप लगाया कि मगराहाट के एक बूथ पर सुरक्षा बलों ने उनके कैंप में तोड़फोड़ की और कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की। सीएम ममता बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए काउंटिंग एजेंट्स को संबोधित करते हुए दावा किया कि उनकी पार्टी 200 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में लौटेगी।



मगराहाट पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में दोबारा मतदान करते मतदाता।

### फाल्टा में 21 मई को पुनर्मतदान

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर 21 मई को पुनर्मतदान कराने का आदेश दिया है। यह फैसला 29 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के मतदान में गंभीर गड़बड़ियों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के उल्लंघन की शिकायतों के बाद लिया गया। फाल्टा सीट के सभी 285 बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक दोबारा वोटिंग होगी। इस क्षेत्र के मतों की गिनती 24 मई को की जाएगी।

## गुजरात के विश्वविद्यालय का बड़ा कदम... पाठ्यक्रम में 'मोदी तत्व' शामिल

# मोदी के 'करिश्माई नेतृत्व' पर अब यूनिवर्सिटी में पढ़ाई

- ■ समाजशास्त्र में RSS, राष्ट्रवाद और मोदी की नीतियों का अध्ययन
- ■ गांधी और मार्टिन लूथर किंग से मोदी के नेतृत्व की तुलना

**बेधड़क** | वडोदरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव को अब अकादमिक स्तर पर पढ़ाया जाएगा। महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय ने समाजशास्त्र के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में 'मोदी तत्व' को शामिल किया है, जिसमें उनके 'करिश्माई नेतृत्व' और जनस्वीकार्यता का विश्लेषण किया जाएगा। विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने 'देशभक्ति का समाजशास्त्र' नाम से नया मॉड्यूल शुरू किया है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के इतिहास, राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान जैसे विषय भी जोड़े गए हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह के अनुसार, यह पाठ्यक्रम समाजशास्त्री मैक्स वेबर के 'करिश्माई नेतृत्व' सिद्धांत पर आधारित है, जिसके तहत महात्मा गांधी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं के साथ मोदी के नेतृत्व की तुलना की जाएगी।



### डिजिटल राष्ट्रवाद से जनस्वीकार्यता तक

'मोदी तत्व' के तहत डिजिटल राष्ट्रवाद, मीडिया प्रभाव, असहमति और वैश्वीकरण जैसे मुद्दों पर भी अध्ययन होगा। पाठ्यक्रम में यह समझने की कोशिश की जाएगी कि मोदी की लोकप्रियता इतनी व्यापक क्यों है? छत्रपति शिवाजी और सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के योगदान को शामिल किया गया है।

### RSS पाठ्यक्रम में क्यों शामिल?

आरएसएस एक प्रमुख सामाजिक संगठन है। इसे राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान के संदर्भ में भारत के सामाजिक ढांचे को समझने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के नए समाजशास्त्र पाठ्यक्रम में RSS के इतिहास और उसकी भूमिका को अध्ययन का हिस्सा बनाया गया है।

## PM मोदी की मंजूरी, टीम हुई मजबूत

# नीति आयोग में नई ताकत: अनिया और बालासुब्रमण्यम बने पूर्णकालिक सदस्य

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शिक्षाविद जोरम अनिया और विद्वान-लेखक आर. बालासुब्रमण्यम को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। कैबिनेट सचिवालय की अधिसूचना के अनुसार, दोनों नियुक्तियां कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो नीति आयोग के अध्यक्ष हैं, ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है। इन दो नए सदस्यों के शामिल होने के बाद आयोग में उपाध्यक्ष सहित कुल सदस्यों की संख्या सात हो गई है। जोरम अनिया का चयन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश से आने वाली एक प्रमुख शिक्षाविद हैं और शिक्षण, अनुसंधान व सार्वजनिक नीति में 18 वर्षों से अधिक का अनुभव रखती हैं। वह निशि समुदाय की पहली पीएचडी धारक महिला और हिंदी में पीएचडी करने वाली राज्य की पहली महिला भी हैं। वहीं, आर. बालासुब्रमण्यम एक जाने-माने सार्वजनिक नीति विशेषज्ञ और विकास कार्यकर्ता हैं। वह स्वामी विवेकानंद युवा आंदोलन और 'ग्राम' जैसे संगठनों के संस्थापक हैं।



जोरम अनिया



बालासुब्रमण्यम

## जरूरी खबर

### वन विभाग की वन्यजीव गणना सम्पन्न

**बेधड़क जयपुर।** प्रदेश में वन्यजीव गणना का व्यापक अभियान शनिवार शाम को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। आंधी-बारिश, तेज हवाओं और भीषण गर्मी जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वन विभाग की टीमों ने पूरे समर्पण के साथ मिशन को अंजाम दिया। हालांकि वन विभाग राज्य भर के आंकड़े संकलित कर 15 मई तक जारी करेगा। यह गणना जलस्रोत पद्धति के आधार पर की गई, जिसमें वन्यजीवों को पानी पीने के लिए आने वाले स्थानों पर गिना जाता है। जयपुर में इस अभियान के दौरान 18 महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई।

### 181 पर व्हाट्सएप, चैटबॉट से शिकायत की सुविधा

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान जनसंपर्क हेल्पलाइन 181 ने अब नेक्स्ट जनरेशन सुधार की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। यह पहल लोगों को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए त्वरित शिकायत व्यवस्था देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राज्य सरकार ने आमजन को व्हाट्सएप, चैटबॉट, वॉइस बॉट और मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई है। मार्च माह से शुरू हुई इन नई सुविधाओं के आंकड़े बताते हैं कि अब भी पारंपरिक कॉल सेंटर ही सबसे अधिक उपयोग में है। मार्च के आंकड़ों के अनुसार 80 प्रतिशत शिकायतें फोन कॉल के जरिए दर्ज की गईं। वेब पोर्टल के माध्यम से 47,184 यानी 14 प्रतिशत शिकायतें दर्ज हुईं। वहीं, व्हाट्सएप के जरिए केवल 2,056 शिकायतें (लगभग 1 प्रतिशत) ही दर्ज हो सकी।

### कोर्ट ने पायलट गुट की रिव्यू पिटीशन खारिज की

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और उनके गुट के तत्कालीन विधायकों को स्पीकर की ओर से जारी अयोग्यता नोटिस मामले में दायर रिव्यू पिटीशन खारिज कर दी है। एक्टिंग चीफ जस्टिस सजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने मोहनलाल नामा की याचिका पर यह आदेश दिया। अदालत ने कहा कि उठाए गए मुद्दे पहले ही एडमिशन ऑर्डर में दर्ज हो चुके थे और अब वे केवल अकादमिक रह गए हैं, इसलिए मूल रिट याचिका को सारहीन मानते हुए निस्तारित किया गया था। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि रिव्यू का दायरा अत्यंत सीमित होता है और इसके माध्यम से मामले का पुनः परीक्षण नहीं किया जा सकता।

## राजस्थान के 27 जिलों में 611 केंद्रों पर होगी परीक्षा... जयपुर में बनाए 106 सेंटर


# AI निगरानी व सख्त नियमों के बीच नीट-यूजी परीक्षा आज

बेधड़क | जयपुर

देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 रविवार को आयोजित होगी। इस बार रिकॉर्ड 22.79 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है, जिसके चलते राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) और राज्य प्रशासन ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

राजस्थान में 27 जिलों में 611 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जयपुर में 106 केंद्रों पर करीब 40 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जबकि प्रदेश से कुल 2.09 लाख स्टूडेंट्स पंजीकृत हैं। सीकर में 102 और कोटा में 92 केंद्र बनाए गए हैं। कोटा और सीकर को संवेदनशील मानते हुए यहां अतिरिक्त निगरानी, फ्लाइंग स्क्वॉड और खुफिया तंत्र तैनात किया गया है। परीक्षा केंद्रों पर हर कक्ष में करीब 24 अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था है और सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रवेश से लेकर परीक्षा समाप्ति तक अभ्यर्थी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। लाइव स्ट्रीमिंग कंट्रोल रूम तक की जाएगी, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से निगरानी होगी। संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अभ्यर्थी को परीक्षा से डिबार कर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

- रिकॉर्ड 22.79 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया
- परीक्षा केंद्रों के 300 मीटर दायरे में गतिविधियों पर रोक




### प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच

अभ्यर्थियों को प्रवेश से पहले मेटल डिटेक्टर और बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरना होगा। केवल एडमिट कार्ड, मूल पहचान पत्र और पारदर्शी पानी की बोतल की अनुमति होगी। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, घड़ी, बैग, ज्वेलरी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे और पेन केंद्र पर ही दिया जाएगा। ड्रेस कोड में हल्के कपड़े अनिवार्य हैं, जबकि मोटे बटन व ऊंचे सोल वाले जूते वर्जित हैं। परीक्षा शुरू होने के एक घंटा पहले समय पर केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है, देरी होने पर प्रवेश नहीं मिलेगा। गर्मी को देखते हुए पेयजल, छाया, ओआरएस, मेडिकल सुविधा, एंबुलेंस और अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। डमी कैंडिडेट और इम्पर्सनेशन जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए इस बार विशेष रणनीति अपनाई गई है। मेडिकल कॉलेजों के छात्रों पर भी नजर रखी जा रही है और उन्हें परीक्षा के दिन कॉलेज परिसरों में ही रखने की व्यवस्था की गई है।

### परीक्षा केंद्रों पर लगाए 5जी जैमर

नकल रोकने के लिए परीक्षा केंद्रों पर 5जी जैमर सक्रिय कर दिए गए हैं, जिससे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग असंभव होगा। प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी लॉक वाले विशेष बॉक्स इस्तेमाल हो रहे हैं, जिन्हें केवल कोड से ही खोला जा सकेगा और कड़ी निगरानी में केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के 300 मीटर दायरे में सख्त प्रतिबंध लागू रहेंगे। इस क्षेत्र में फोटोकॉपी दुकानें, साइबर कैफे और ई-मित्र केंद्र बंद रहेंगे।

## श्रीगंगानगर मारपीट प्रकरण ने पकड़ा तूल

# हाई लेवल कमेटी ने पूछताछ कर जुटाए तथ्य, देंगे CM को रिपोर्ट

■ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मांगी रिपोर्ट, कांग्रेस ने उठाई जांच की मांग

बेधड़क | जयपुर

श्रीगंगानगर में भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी और आरयूआईडीपी के अधिकारियों के बीच जनसुनवाई के दौरान हुई कथित हाथापाई का मामला अब राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर तूल पकड़ता जा रहा है। इस पूरे विवाद ने प्रदेश भाजपा नेतृत्व का ध्यान खींच लिया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मामले पर विस्तृत रिपोर्ट तलब करते हुए संकेत दिए हैं कि अगले दो-तीन दिन में सम्मानजनक समाधान निकाल लिया जाएगा।

मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा ली है और समाधान ऐसा होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों के सम्मान के साथ अधिकारियों के दायित्वों का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जनता के कार्यों में तत्परता दिखाने और जनप्रतिनिधियों को संयम बनाए रखने की नसीहत दी। राठौड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष इस मामले में अनावश्यक उतावलापन दिखाकर माहौल भड़काने का काम कर रहा है।



*जांच करने पहुंचे कमेटी अध्यक्ष रवि जैन। पास में खड़े हैं जयदीप बिहाणी।*

### जांच कमेटी ने दोनों पक्षों से ली जानकारी, सीएमओ को भेजेंगे रिपोर्ट

विवाद की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने हाई लेवल जांच कमेटी का गठन किया है। कमेटी के अध्यक्ष आईएएस रवि जैन को बनाया गया है। कमेटी शुक्रवार रात श्रीगंगानगर पहुंची और शनिवार सुबह विधायक जयदीप बिहाणी, आरयूआईडीपी के एईएन जगनलाल बैरवा सहित अन्य अधिकारियों से पूछताछ की। रवि जैन ने बताया कि सभी पक्षों से बातचीत कर तथ्य जुटाए गए हैं और रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में चल रहे कार्यों, शिकायतों और विधायक द्वारा उठाई गई कमियों की अलग से समीक्षा की जाएगी। एलएंडटी कंपनी के अधिकारियों से भी जानकारी ली गई है।

### दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप

इस मामले में विधायक जयदीप बिहाणी और एईएन जगनलाल बैरवा के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। विधायक जयदीप बिहाणी का कहना है कि उन्होंने जांच कमेटी के सामने अपना पक्ष रखते हुए शहर में हुए कार्यों में अनियमितताओं की ओर ध्यान दिलाया है। उन्होंने आरयूआईडीपी और एलएंडटी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जनता के पैसे की लूट नहीं होने दूंगा, पूरे काम की जांच कराऊंगा, चाहे इसके लिए बड़े स्तर पर संसाधन क्यों न जुटाने पड़ें। वहीं, एईएन जगनलाल बैरवा ने कमेटी को बताया कि विधायक और उनके समर्थकों ने उनके साथ मारपीट की। उनका आरोप है कि उन्हें जमीन पर पटककर लात-घूंसों और पाइप से पीटा गया और गालियां दी गईं। बैरवा ने यह भी कहा कि विधायक द्वारा मारपीट के लगाए गए आरोप गलत हैं।

### राजनीतिक बयानबाजी तेज

मामले को लेकर कांग्रेस भी हमलावर हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। सचिन पायलट ने कहा कि सामने आए वीडियो और तस्वीरें मामले की गंभीरता दर्शाती हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि इस संवेदनशील मामले में जल्द ही संतुलित और सम्मानजनक समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने और बयानबाजी से बचने की अपील की, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था और जनहित प्रभावित न हो।

### यह था मामला

बता दें कि गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान विवाद इतना बढ़ गया था कि मारपीट की नौबत आ गई। विधायक ने आरोप लगाया था कि अधिकारियों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनकी आंख और चेहरे पर चोट आई। विधायक की शिकायत पर जवाहर नगर थाना पुलिस ने एईएन जगनलाल बैरवा, प्रोजेक्ट मैनेजर शहनवाज और एलएंडटी के प्लानिंग मैनेजर सोहम को गिरफ्तार किया था। हालांकि, अगले ही दिन तीनों को जमानत मिल गई। जमानत के बाद अधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर विधायक और उनके समर्थकों पर मारपीट और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए।

## समीक्षा बैठक में दीया कुमारी ने कहा...

# AI युग में महिलाओं को स्किल ट्रेनिंग देना जरूरी



*बैठक में मौजूद डिप्टी सीएम दीया कुमारी, मंत्री मंजू बाघमार व अन्य अधिकारी।*

बेधड़क | जयपुर

शासन सचिवालय में शनिवार को आयोजित आंगनबाड़ी सुविधाओं और योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि बदलते समय और एआई के दौर में महिलाओं और बालिकाओं को तकनीक आधारित कौशल प्रशिक्षण देना जरूरी है, ताकि उनकी आजीविका सुनिश्चित हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण स्किल ट्रेनिंग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार भी मौजूद रहीं। दीया कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर विद्युत, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण और मरम्मत कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग, पूर्ण कार्यों का भौतिक सत्यापन और लंबित कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए। साथ ही इस वर्ष 7,500 नए 'नंद घर' विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में लाडो प्रोत्साहन योजना, काली बाई भील उड़ान योजना, शिक्षा सेतु योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना की भी समीक्षा की गई।

### बजट में सही लागत आकलन के निर्देश

निर्माण भवन के सभागार में पीडब्ल्यूडी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए दीया कुमारी ने अधिकारियों को बजट प्रस्ताव भेजते समय ही प्रोजेक्ट की लागत और अलाइनमेंट का सटीक आकलन करने के निर्देश दिए हैं, ताकि निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी और लागत वृद्धि से बचा जा सके। उपमुख्यमंत्री ने कुछ परियोजनाओं में बार-बार अलाइनमेंट बदलने और लागत बढ़ने पर नाराजगी जताई। बैठक में बयाना बाईपास, बारां-अटरू आरओबी, जैतूपुरा-जयसिंहपुरा सड़क, भादरा बाईपास, नसीराबाद-सरवाड़-केकड़ी-देवली सड़क, मेज नदी पर हाई लेवल ब्रिज और सलूम्बर बाईपास सहित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## कोपेनहेगन में मंत्री झाबर सिंह खर्रा का दौरा

# प्रदेश के शहरों को मिलेगा ग्लोबल अपग्रेड

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार नगरीय विकास को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा इन दिनों डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के अध्ययन दौरे पर हैं। यह उच्च स्तरीय दौरा 1 मई से 10 मई तक जारी रहेगा, जिसमें विभागीय अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल है। इस



यात्रा का उद्देश्य राजस्थान के शहरों को अधिक आधुनिक, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाना है। दौरे के दौरान सतत शहरी विकास, जल संसाधन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल को कोपेनहेगन में अपनाए जा रहे शहरी विकास मॉडल की जानकारी दी जा रही है, जो विश्व स्तर पर मानक माने जाते हैं। यात्रा में एकीकृत शहरी जल प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता, सीवेज एवं सेप्टेज के वैज्ञानिक उपचार तथा नदी पुनर्जीवन जैसे विषयों पर विशेष अध्ययन किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफल शहरी विकास मॉडलों का अध्ययन कर उन्हें राजस्थान में लागू करने की रणनीति तैयार करेगा।

## एग्रीटेक मीट 23-25 मई को

# किसानों को देंगे टेक्निकल खेती के बारे में जानकरी

बेधड़क | जयपुर

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026 के आयोजन की तैयारियों को लेकर JECC, सीतापुरा में प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयुक्त कृषि नरेश कुमार गोयल ने गर्मी को देखते हुए पेयजल, छाया और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

यह आयोजन किसानों को ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रिसिजन फार्मिंग, जैविक और प्राकृतिक खेती जैसी आधुनिक तकनीकों से जोड़ने का मंच बनेगा। 23 से 25 मई तक होने वाले इस आयोजन में प्रदेशभर से 75 हजार से अधिक किसानों की भागीदारी होगी।

## बेधड़क TOON




-शेखर

## राजस्थान बार काउंसिल चुनाव 2026: जयपुर, जोधपुर व रायसिंहनगर में होंगे री-पोल

# प्रदेश के 4 बूथों पर कल होगा पुनर्मतदान, कड़े इंतजाम

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान बार काउंसिल चुनाव-2026 के तहत 22 अप्रैल को धांधली और गड़बड़ी की आशंका को लेकर निरस्त किए गए चार मतदान बूथों पर अब सोमवार को पुनर्मतदान कराया जाएगा। इनमें जयपुर के दो व जोधपुर और श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में एक-एक बूथ शामिल हैं। हाई पावर्ड इलेक्शन कमेटी ने प्रत्याशियों के सुझावों के आधार पर नई रणनीति तैयार करते हुए चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कमेटी ने चुनाव प्रबंधन में सलाहकार की भूमिका के लिए हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। इस संबंध में पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजदीपक रस्तोगी, वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र शाह, अश्विनी चौबीसा और मेजर आरपी सिंह सहित अन्य के साथ बैठक की गई। सोमवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कड़ी सुरक्षा के बीच कराया जाएगा।




### थमा प्रचार, पोस्टर-बैनर हटाने के निर्देश

कमेटी ने शनिवार शाम 8 बजे के बाद किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार, कन्वेंसिंग या अन्य गतिविधि पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं, मतदान के दिन मतदान केंद्रों के आस-पास स्टॉल, कैनोपी, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग या प्रचार सामग्री पर प्रतिबंध रहेगा। पहले से लगे पोस्टर-बैनर हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

### पहचान पत्र अनिवार्य, मोबाइल पर रोक

मतदान के दौरान केवल अधिकृत मतदाताओं को ही प्रवेश मिलेगा और पहचान पत्र (बार काउंसिल आईडी, वोटर आईडी, पासपोर्ट आदि) अनिवार्य होगा। मोबाइल फोन, कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

### जयपुर हाई कोर्ट में बनाए दो मतदान केंद्र

जयपुर हाई कोर्ट पीठ, जो प्रदेश का सबसे बड़ा मतदान केंद्र है, वहां कुल 14,781 मतदाता मतदान करेंगे। भीड़ प्रबंधन के लिए यहां दो अलग-अलग केंद्र बनाए गए हैं। वर्ष 2021 तक पंजीकृत अधिवक्ताओं के लिए सतीशचंद्र सभागार में मतदान (क्रमांक 1 से 6613), 2021 के बाद पंजीकृत अधिवक्ताओं के लिए बेसमेंट पार्किंग में मतदान केंद्र (क्रमांक 6614 से 14781) तय किया गया है। बार काउंसिल ने प्रदेश की 180 यूनिवर्सिटीज और लॉ कॉलेजों को विधि विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने को कहा है। पुनर्मतदान के दिन यदि कोई लॉ स्टूडेंट या गैर-मतदाता परिसर में पाया गया, तो कानूनी कार्रवाई होगी।

# ऑनलाइन दवा कारोबार के विरोध में हड़ताल 20 को



बेधड़क | जयपुर

ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में केमिस्ट 20 मई को हड़ताल पर रहेंगे। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और राजस्थान केमिस्ट एलायंस के आह्वान पर पूरे भारत में दवा कारोबार बंद रखने का निर्णय लिया गया है। एलायंस अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति अध्यक्ष विवेक विजयवर्गीय, सचिव रवि गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन दवा कारोबार के चलते बिना चिकित्सकीय पर्ची दवाओं की बिक्री, फर्जी प्रिस्क्रिप्शन का उपयोग और एंटीबायोटिक व नशीली दवाओं की अनियंत्रित उपलब्धता जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं, जो जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा हैं।

# जयपुर में आंधी-बारिश का कहर, पेड़ और बिजली के पोल गिरे...



फोटो: पंकज शर्मा





*जयपुर। राजधानी जयपुर में शनिवार को रात 8 बजे बाद एक बार फिर मौसम बदला और आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। शहर के जवाहर नगर, झोटवाड़ा, वैशाली नगर और आसपास के कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। अंधड़ से शहर में कई जगह पेड़ गिर गए। नाहरी का नाका में मकान पर पेड़ गिर गया। वहीं जयसिंहपुरा खोर में बिजली का तार गिरने से एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। पानीपेच में पेड़ गिरने से रास्ता अवरुद्ध हो गया, जबकि खातीपुरा रोड पर पोल गिरने से पूरे इलाके में अंधेरा छा गया। मोती डूंगरी रोड स्थित आनंदपुरी गली नंबर-2 में पांचवीं मंजिल से एक प्लेटफॉर्म नीचे गिर गया, जबकि श्री मुरली मनोहर जी मंदिर का टीन शेड तेज हवा में उड़ गया।*

## जरूरी खबर

### मृत महिला के फर्जी दस्तावेज बनाकर उठाया लोन

**बेधड़क, जयपुर।** चित्रकूट इलाके में 20 साल पहले मृत महिला के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर दो कंपनियों से लोन लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस धोखाधड़ी में पिता-पुत्र सुगाराम जाट और मोहनलाल घोसल्या (निवासी नांगल भरड़ा, चौमूं) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने केवाईसी के दौरान दूसरी महिला को खड़ा कर पहचान सत्यापित कराई और मृतका गौरादेवी के नाम पर पहले 8.15 लाख और फिर उसी प्रॉपर्टी पर दूसरी कंपनी से 7.50 लाख रुपए का लोन उठा लिया। एसीपी अनिल शर्मा ने बताया कि 2023 में बैंक प्रतिनिधि की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था। जांच में खुलासा हुआ कि गौरादेवी की 20 साल पहले ही मौत हो चुकी थी। इस फर्जीवाड़े में मुकेश कुमार जाट गवाह बना है, जबकि प्रेमदेवी और मुकेश की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

### वॉल सिटी में अवैध निर्माण पर निगम की सख्ती

**बेधड़क, जयपुर।** किशनपोल जोन क्षेत्र में संभागीय आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक वी. सरवण कुमार ने अजमेरी गेट से वॉल सिटी क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और पुरानी हेरिटेज हवेलियों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नाटाणियों के रास्ते और चौड़ा रास्ता क्षेत्र में जर्जर हवेलियों के बिना अनुमति ध्वस्तीकरण पर नाराजगी जताई गई। अधिकारियों को हेरिटेज संरक्षण और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं एक मकान पर बिना अनुमति चल रहे निर्माण को सीज किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति निर्माण पर आगे भी कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## SBI लोन के नाम पर 4.20 करोड़ की धोखाधड़ी

# बैंक अफसरों ने फर्जी 'सरकारी कर्मचारी' बनाकर दिलाए लोन

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के मोती डूंगरी थाना क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की आदर्श नगर शाखा में करीब 4.20 करोड़ रुपए के बड़े लोन घोटाले का खुलासा हुआ है। मामले में बैंक के तत्कालीन मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है।

दोनों ने एक आपराधिक गिरोह के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन स्वीकृत किए। जांच में सामने आया कि वर्ष 2023 से 2024 के बीच यह फर्जीवाड़ा लगातार जारी रहा। गिरोह ने निजी व्यक्तियों को कागजों में सरकारी कर्मचारी दर्शाकर बैंक से लोन उठाया। जब तय समय पर किस्तें जमा नहीं हुईं और खाते डिफॉल्ट होने लगे, तब बैंक की आंतरिक ऑडिट में गड़बड़ी सामने आई। इसके बाद दस्तावेजों की गहन जांच कराई गई, जिसमें बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। आरोपियों ने फर्जी सैलरी स्लिप, पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक स्टेटमेंट तैयार कर खुद को सरकारी कर्मचारी बताया। इसके आधार पर 'एक्सप्रेस क्रेडिट ऑन सैलरी अकाउंट' योजना के तहत 8 लाख से 15 लाख रुपए तक के लोन स्वीकृत कराए गए।

### डेढ़ साल तक चलता रहा खेल, ऑडिट में खुली परतें

### बैंक मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर गिरफ्तार






आकाश बिलोनिया।



बाबू लाल मीना।

### किस्त मांगने पर किया अभद्र व्यवहार

जब बैंक ने बकाया राशि की वसूली के लिए लोनधारकों से संपर्क किया, तो कुछ लोगों ने भुगतान से इनकार कर दिया और अभद्र व्यवहार किया। बैंक को संदेह हुआ और मामले की जांच शुरू की गई।

### फर्जी दस्तावेजों का सत्यापन

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि बैंक के जिम्मेदार अधिकारी ही इस साजिश में शामिल थे। बाबूलाल मीना और आकाश बिलोनिया ने फर्जी दस्तावेजों को असली बताकर सत्यापित किया और नियमों को दरकिनार कर लोन स्वीकृत किए। इस पूरे खेल में उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया।

### आरोपियों के एक से अधिक पैन कार्ड

जांच में यह भी सामने आया कि कई आरोपियों के पास एक से अधिक पैन कार्ड थे, जिनमें से कुछ पूरी तरह कूटरचित थे। इस फर्जीवाड़े को लेकर जनवरी माह में शाखा प्रबंधक गौरव द्विवेदी की ओर से 37 अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने दोनों मुख्य आरोपी-तत्कालीन मैनेजर बाबूलाल मीना (निवासी खिजुरिया, बस्सी; हाल निवास नंदन एन्क्लेव, रामनगरिया) और असिस्टेंट मैनेजर आकाश बिलोनिया (सुमेर नगर, मानसरोवर) को गिरफ्तार किया है। जबकि फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले, बिचौलिए और कई लोनधारक अभी फरार हैं। पूरे प्रकरण का खुलासा डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा के निर्देश और एडीसीपी आलोक सिंघल के सुपरविजन में एसीपी नारायण कुमार बाजिया के नेतृत्व में गठित टीम ने किया।

### 10 से 15% कमीशन

प्रत्येक लोन स्वीकृति के बदले 10 से 15% तक कमीशन लिया जाता था। बिचौलिए फर्जी दस्तावेज तैयार कर ग्राहकों को बैंक तक लाते थे, जहां अधिकारियों की मिलीभगत से लोन पास कर दिया जाता था।

## भर्ती परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा

# डमी अभ्यर्थियों का गिरोह बेनकाब, चार गिरफ्तार



मनोहर लाल।



सुनील विश्नोई।



अनिल विश्नोई।

**बेधड़क** | जयपुर

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थियों के जरिए चयन कराने वाले गिरोह पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन डमी कैंडिडेट और एक मूल अभ्यर्थी शामिल हैं।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने आपस में लाखों रुपए में सौदे कर परीक्षा दिलवाई। एडीजी विशाल बंसल के अनुसार कई मामलों में मूल अभ्यर्थी खुद की तैयारी कमजोर होने के कारण जानबूझकर योग्य व्यक्तियों को अपनी जगह परीक्षा में बैठाते थे। इसके लिए 5 से 7.5 लाख रुपए तक की डील तय होती थी।

राजस्थान लोक सेवा आयोग की प्राध्यापक हिन्दी परीक्षा-2022 में जालौर निवासी मनोहर लाल ने देराम की जगह परीक्षा दी। प्रवेश पत्र में फोटो बदलकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश किया गया। दोनों की पहचान जोधपुर में कोचिंग के दौरान हुई थी। मनोहर लाल को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि मूल अभ्यर्थी फरार है।

### एक्स-सर्विसमैन कोटे का दुरुपयोग

फलोदी निवासी अशोक जानी को डमी कैंडिडेट के रूप में पकड़ा गया। मूल अभ्यर्थी रामूराम ने कम मेरिट का लाभ लेने के लिए यह योजना बनाई थी। दोनों के बीच करीब 7.5 लाख रुपए में समझौता हुआ। रामूराम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में सामने आया कि मूल कैंडिडेट रामूराम भूतपूर्व सैनिक है। पीटीआई भर्ती-2022 में सुनील ने विमल कुमार पाटीदार की जगह परीक्षा दी, जिसमें अनिल विश्नोई ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई और करीब 6 लाख रुपए में सौदा हुआ। एसओजी ने उन्नत तकनीक व विशेष सॉफ्टवेयर से जांच कर डमी अभ्यर्थियों की पहचान कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## शहर में पीले पानी की सप्लाई

# जलदाय विभाग की जांच में सभी नमूने पास

**बेधड़क** | जयपुर

बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना के तहत शहर में रोजाना करीब 605 एमएलडी पानी की आपूर्ति सूरजपुर स्थित जल शोधन संयंत्र से की जा रही है। हाल ही में कुछ इलाकों में पानी के पीले रंग को लेकर शिकायतें सामने आने पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने तुरंत जांच करवाई। बालावाला, जवाहर सर्किल, रामनिवास बाग, अमानीशाह नाला और मानसरोवर



समेत कई जलाशयों से सैंपल लेकर गांधीनगर लैब में परीक्षण किया गया। रिपोर्ट में सभी नमूनों में क्लोरीन की पर्याप्त मात्रा पाई गई और पानी को पूरी तरह सुरक्षित बताया गया। विशेषज्ञों के अनुसार मई में बढ़ते तापमान के कारण जलीय वनस्पति (क्लोरोफाइटा) के विघटन और क्लोरीन की प्रतिक्रिया से पानी में अस्थायी पीलेपन की स्थिति बन सकती है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ के निर्देशन में टीम ने जांच की, जबकि मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी ने हैडवर्क्स का निरीक्षण कर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

## दीवारों पर बिखरे रंग, वॉल पेंटिंग्स से निखरी पिंकसिटी






**जयपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के तहत शुक्रवार को शहर में शुरू हुआ 'रंग दे गुलाबी' अभियान उत्सव बन गया। 500 से अधिक दीवारों और सार्वजनिक स्थलों पर बनी आकर्षक वॉल पेंटिंग्स ने पुरानी दीवारों को नया रूप दिया और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। नगर निगम के सभी 13 जोनों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए इस अभियान में 600 से अधिक चित्र बनाए गए। इस अभियान में छात्र, एनजीओ, महिलाएं और ट्रांसजेंडर समुदाय ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

## SMS का औचक निरीक्षण

# कलेक्टर ने खामियों को दूर करने के लिए तय किए एक्शन प्वाइंट



*SMS अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते जिला कलेक्टर संदेश नायक और नगर निगम कमिश्नर ओम कसेरा।*

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर के जिला कलेक्टर संदेश नायक और नगर निगम के कमिश्नर ओम कसेरा ने शनिवार को सवाई मानसिंह अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विभिन्न कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में पानी, सफाई, बिजली और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने वार्ड, ओपीडी और अन्य विभागों का दौरा कर मरीजों और उनके परिजनों से भी बातचीत की तथा मौके पर ही समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सामने आई खामियों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

# व्हाट्सएप मैसेज से 5.30 करोड़ की ठगी, 17 अरेस्ट

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में साइबर ठगी के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। गिरोह ने व्हाट्सएप के जरिए 5 करोड़ 30 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर ने इस मामले में 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जांच में सामने आया कि गिरोह सुनियोजित नेटवर्क के तहत काम करता था, कुछ लोग बैंक खाते उपलब्ध कराते थे, कुछ नकद निकासी करते थे, जबकि अन्य रकम को ट्रांसफर कर क्रिप्टोकरेंसी में बदलते थे। मामला तब सामने आया जब गैलेक्सी माइनिंग कंपनी के अकाउंटेंट दीपेन्द्र सिंह को व्हाट्सएप पर कंपनी के चेयरमैन के नाम से मैसेज मिला। तत्काल भुगतान के निर्देश पर उसने दो खातों में 5.30 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का खुलासा हुआ और 24 अप्रैल को साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई गई। गिरफ्तार आरोपियों में लॉ स्टूडेंट, सैलून कर्मी और ऑटो पार्ट्स दुकानदार शामिल हैं।



*एसओजी की गिरफ्त में साइबर ठगी के आरोपी।*

### इन आरोपियों को दबोचा

डीआईजी शांतनु कुमार सिंह बताया की मामले में पुलिस ने कोटा निवासी सोहेल खान, मोहम्मद राशिद, समीर, तोहिद मोहम्मद, नवीन सिंह चौहान, बांसवाड़ा निवासी अविनाश जैन, प्रवीण रावल, अमित रावल, भव्य गिरी, मुकेश चौहान, जोधपुर निवासी घनश्याम धतरवाल, राहुल आरडीएक्स, कमलेश, पाली निवासी दीपेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र, हरीश और बाड़मेर निवासी सदराम को गिरफ्तार किया है।

### कई जिलों में पुलिस ने मारे छापे

साइबर क्राइम पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण के आधार पर बैंक खातों की जांच शुरू की। जांच में पता चला कि रकम को कई खातों में घुमाया गया और बाद में नकद निकालकर यूएसडीटी और हवाला के जरिए ठिकाने लगाया गया। इसके बाद पुलिस ने कोटा ग्रामीण, पाली, बांसवाड़ा, जोधपुर और बाड़मेर पुलिस के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह के सदस्य आमतौर पर चाय की थड़ियों या छोटी दुकानों पर मिलते थे, जहां कमीशन का बंटवारा किया जाता था। यह तरीका इसलिए अपनाया गया ताकि किसी को शक न हो और गतिविधियां सामान्य लगें।

### क्रिप्टोकरेंसी में बदलते थे ठगी की रकम

कोटा में गिरोह का मुख्य फोकस नकद निकासी और उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदलने पर था। यहां के आरोपी विभिन्न लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल कर रकम निकालते और फिर डिजिटल माध्यम से यूएसडीटी खरीदकर ट्रांजैक्शन को छिपा देते थे। वहीं, बांसवाड़ा में नए बैंक खाते उपलब्ध कराने और रकम को सुरक्षित तरीके से ट्रांसफर करने का काम होता था। पाली में आरोपियों ने परिचितों को लालच देकर उनके बैंक खाते गिरोह को उपलब्ध कराए, जबकि जोधपुर और बाड़मेर में खातों के जरिए राशि जमा करने, निकालने और आगे पहुंचाने की भूमिका निभाई गई।

## जरूरी खबर

### खिचड़ी खाते समय बिगड़ी तबीयत, कांस्टेबल की मौत



**बाड़मेर।** कोतवाली क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल डूंगराराम (48) की शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वे सुबह करीब 10 बजे खिचड़ी खा रहे थे, तभी अचानक गिरकर बेहोश हो गए। परिजन और पड़ोसी उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां करीब 11 बजे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम कराया गया।

### अजमेर दरगाह विवाद पर 6 मई को फैसला संभव

**अजमेर।** अजमेर दरगाह शरीफ में शिव मंदिर होने के दावे से जुड़े संवेदनशील मामले में शनिवार को जिला अदालत में लंबी सुनवाई हुई। पक्षकार बनने के लिए दायर 12 अर्जियों पर विस्तृत बहस के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई 6 मई को तय की है। माना जा रहा है कि उसी दिन यह स्पष्ट होगा कि किन याचिकाकर्ताओं को पक्षकार बनाया जाएगा। परिवादी विष्णु गुप्ता के वकील संदीप कुमार ने सभी अर्जियों का विरोध करते हुए कहा कि अधिकांश आवेदकों का मामले से सीधा संबंध नहीं है। उन्होंने ऐतिहासिक दस्तावेजों का हवाला देते हुए कई दावों पर सवाल उठाए। वहीं दरगाह पक्ष ने खादिमों को प्राथमिक पक्षकार बनाने की मांग रखी।

### स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार, 11 लोग गिरफ्तार



**बीकानेर।** शहर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्पा सेंटर पर छापा मारकर देह व्यापार का खुलासा किया है। कोटगेट थाना क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर पर शनिवार को पुलिस ने सादा वर्दी में फर्जी ग्राहक भेजकर अंदर की स्थिति की पुष्टि की। इसके बाद टीम ने छापेमारी कर 8 युवतियों और 3 युवकों को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पकड़ी गई युवतियां दिल्ली, हरियाणा, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ की रहने वाली हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्पा सेंटर की आड़ में लंबे समय से देह व्यापार किया जा रहा था। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है।

---

डेजर्ट सेक्टर में परखी सेना की ताकत, ड्रोन व मल्टी डोमेन वॉरफेयर क्षमताओं का प्रदर्शन

# दक्षिणी कमांड के प्रमुख ने सैन्य तैयारियों का लिया जायजा

**बेधड़क** | जैसलमेर



भारतीय सेना के दक्षिणी कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने हाल ही में जैसलमेर स्थित डेजर्ट सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया का दौरा कर सैन्य तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बैटल एक्स डिवीजन के जवानों से मुलाकात की और उनकी ऑपरेशनल क्षमता, सतर्कता एवं आधुनिक युद्ध कौशल का गहन निरीक्षण किया। मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। दौरे के दौरान कमांड प्रमुख ने मल्टी डोमेन ऑपरेशंस पर विशेष जोर दिया। उन्होंने थल, वायु, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के विभिन्न आयामों के समन्वित उपयोग की रणनीति की समीक्षा की। अधिकारियों ने जानकारी दी कि आधुनिक युद्ध में विभिन्न डोमेन का एकीकृत संचालन ही निर्णायक साबित हो रहा है और सेना इसी दिशा में अपनी क्षमताओं को लगातार मजबूत कर रही है। इसके साथ ही सेना में टेक्नोलॉजी इन्फ्यूजन के बढ़ते उपयोग को भी प्रमुखता से देखा गया। उन्नत निगरानी प्रणालियों, अत्याधुनिक उपकरणों और डिजिटल नेटवर्किंग के जरिए सैनिकों की दक्षता को बढ़ाया जा रहा है। कमांडिंग-इन-चीफ ने कहा कि भविष्य के युद्धों में तकनीक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने वाली है।

निरीक्षण के दौरान ड्रोन वॉरफेयर क्षमताओं का भी प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन तकनीक के जरिए निगरानी, लक्ष्य पहचान और सटीक कार्रवाई में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सीमा क्षेत्रों में रियल टाइम इंटेलिजेंस जुटाने और दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने में ड्रोन बेहद कारगर साबित हो रहे हैं।

#### जवानों से बातचीत कर बढ़ाया मनोबल

कमांड प्रमुख ने अग्रिम मोर्चे पर तैनात जवानों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में देश की रक्षा कर रहे सैनिकों के साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। साथ ही अधिकारियों को प्रशिक्षण और संसाधनों में निरंतर सुधार के निर्देश दिए।

#### सीमावर्ती क्षेत्रों में सेना पूरी तरह मुस्तैद

इस दौरे ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि भारतीय सेना सीमावर्ती क्षेत्रों में पूरी तरह मुस्तैद है और आधुनिक तकनीक व रणनीति के साथ हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

---

पंचायत के बहाने जम्मू से बुलाकर की हत्या, सड़क किनारे मिला शव

# लड़की भगाने की रंजिश में प्रेमी के पिता की गला रेतकर हत्या

**बेधड़क** | डीग

जिले में रिश्तों और रंजिश की खौफनाक कहानी सामने आई है, जहां लड़की भगाने के विवाद में प्रेमी के पिता की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने साजिश के तहत मृतक को पंचायत के बहाने जम्मू से बुलाया और समझौते के बाद रात में वारदात को अंजाम देकर शव सड़क किनारे फेंक दिया।

शनिवार सुबह कामां थाना क्षेत्र के सोमका गांव के पास सड़क किनारे शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पहाड़ी थाना अधिकारी योगेंद्र सिंह राजावत पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। मृतक की पहचान जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के निवासी मोहम्मद अब्दुल्ला खान के रूप में हुई है। मृतक के भाई नजीर अहमद खान ने लड़की के पिता सहित सात लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट के अनुसार, मृतक का छोटा बेटा हयात खान पहाड़ी क्षेत्र की एक लड़की को भगा ले गया था।



*सोमका के पास सड़क किनारे मिले शव का मुआयना करते पुलिसकर्मी।*

#### पंचायत के बाद पड़ोसी के घर ठहराया

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पंचायत के बाद रात करीब 9 बजे लड़की पक्ष के लोग दो गाड़ियों में पहुंचे और तीनों को अपने गांव चलकर रुकने का आग्रह किया। वहां उन्हें पड़ोसी के घर ठहराया गया। कुछ देर बाद आरोपी कमरे में आए और मोहम्मद अब्दुल्ला को जबरन उठाकर बाहर ले गए।

#### पेट दर्द का बहाना कर गाड़ी में ले गए

नजीर अहमद के अनुसार, जब उन्होंने पीछे जाकर देखा तो आरोपी उनके भाई को गाड़ी में डालकर ले जा रहे थे। पूछने पर पड़ोसी ने पेट दर्द का बहाना बनाकर अस्पताल ले जाने की बात कही, लेकिन सुबह उनकी हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### दिनदहाड़े दो बच्चियों के अपहरण का प्रयास, ग्रामीणों ने पकड़ा



**धौलपुर।** जिले के बसेड़ी थाना क्षेत्र के जारगा गांव में शनिवार दोपहर दो नाबालिग बच्चियों के अपहरण के प्रयास से सनसनी फैल गई। बाइक सवार दो बदमाश बच्चियों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बच्चियों की सूझबूझ और ग्रामीणों की सतर्कता से बड़ी वारदात टल गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी गांव में घूमते हुए बच्चियों के पास पहुंचे और उन्हें अपने साथ चलने के लिए कहा। शक होने पर बच्चियों ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत दोनों युवकों को घेरकर पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय निवासी अटल बिहारी गोयल ने बताया कि समय रहते ग्रामीणों की सक्रियता से एक गंभीर घटना होने से बच गई। यदि थोड़ी भी देर होती तो आरोपी बच्चियों को लेकर फरार हो सकते थे। वहीं, बसेड़ी थाना प्रभारी बालकृष्ण ने बताया कि दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में उनके खिलाफ अपहरण के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है, हालांकि ग्रामीणों की सजगता और बच्चियों की समझदारी की सराहना की जा रही है।

---

भीलवाड़ा जिले का मामला

# कारोई में एएसआई ने थाने की मेस में फंदा लगाकर दी जान



*एएसआई का शव उतारते चिकित्साकर्मी। मृतक विष्णु कुमार। (इनसेट में)*

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

जिले के कारोई थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक एएसआई ने थाने की मेस में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विष्णु कुमार के रूप में हुई है, जो सीकर के रानोली के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, विष्णु कुमार शुक्रवार रात करीब 10 बजे तक थाने में अपने साथी पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने सामान्य रूप से बातचीत की, हंसी-मजाक किया और सभी के साथ डिनर भी किया। इसके बाद वे अपने क्वार्टर चले गए। पुलिस का अनुमान है कि आधी रात के बाद वे वापस थाने की मेस में पहुंचे और वहां फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे जब पुलिसकर्मी मेस में चाय-नाश्ते के लिए पहुंचे, तो उनका शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देख वहां मौजूद जवानों के होश उड़ गए। तुरंत इसकी सूचना थाना प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की गई। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

---

स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में बढ़ते कदम

# राज्य स्तरीय कार्यशाला में भविष्य की पुलिसिंग का प्रस्तुत किया रोडमैप

**बेधड़क** | उदयपुर




राजस्थान पुलिस पारंपरिक कार्यशैली से आगे बढ़ते हुए अब डेटा आधारित और जन-केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इसी क्रम में उदयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय 'स्मार्ट पुलिसिंग' कार्यशाला ने भविष्य की पुलिसिंग का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया। कार्यशाला में तकनीकी नवाचारों के साथ मानवीय संवेदनशीलता को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के निदेशक आलोक रंजन ने कहा कि CCTNS 2.0 और ICJS 2.0 जैसी आधुनिक प्रणालियां पुलिसिंग को पूरी तरह डिजिटल और एकीकृत बनाएंगी। उन्होंने बताया कि रियल-टाइम डेटा शेयरिंग से अपराध नियंत्रण और जांच प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। वहीं, महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट पुलिसिंग का उद्देश्य केवल तकनीक अपनाना नहीं, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना है।

---

खुजली और लाल चकत्तों की शिकायत पर ले गए अस्पताल

# स्कूल में पानी पीने के बाद 15 बच्चे बीमार

**बेधड़क** | बाड़मेर



जिले के एक सरकारी स्कूल में शनिवार को पानी पीने के बाद अचानक 15 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को खुजली और शरीर पर लाल चकत्ते होने की शिकायत के बाद तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल सभी बच्चों का इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सनावड़ा क्षेत्र स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों ने स्कूल के टैंक से पानी पिया था। इसके कुछ ही समय बाद बच्चों को तेज खुजली और शरीर पर लाल चकत्ते उभरने लगे। स्थिति बिगड़ते देख स्कूल प्रशासन ने तुरंत बच्चों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बाड़मेर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी और अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत जिला अस्पताल पहुंचे और बच्चों की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने चिकित्सकों से बातचीत कर इलाज की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने बताया कि फिलहाल किसी भी बच्चे की हालत गंभीर नहीं है। सभी का इलाज चल रहा है और मेडिकल टीम यह पता लगाने में जुटी है कि एलर्जी का कारण क्या रहा। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट कारण सामने आ सकेगा।

वहीं, एम्बुलेंस ईएमटी सुखदेव गांगुली के अनुसार सुबह करीब 10 बजे घटना की सूचना मिली थी। बच्चों ने बताया कि वे स्कूल के खुले टैंक का पानी पीते हैं। आशंका जताई जा रही है कि पानी की गुणवत्ता खराब होने से यह समस्या हुई हो सकती है।

---

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इंदौर में मंत्री तुलसीराम सिलावट से की मुलाकात

# गांधी सागर का पानी कोटा तक लाने की कवायद तेज

**बेधड़क** | कोटा

जिले के रामगंज मंडी क्षेत्र में लंबे समय से असिंचित पड़ी करीब 12 हजार हेक्टेयर भूमि को मध्यप्रदेश के गांधी सागर बांध से पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। इसको लेकर राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच समन्वय भी बढ़ाया जा रहा है। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को मध्यप्रदेश के इंदौर पहुंचकर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से मुलाकात की और इस महत्वाकांक्षी योजना पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। बैठक में दिलावर ने बताया कि रामगंज मंडी विधानसभा क्षेत्र 'डार्क जोन' में शामिल है, जहां भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसके कारण क्षेत्र की हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचाई से वंचित है और किसानों को लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में करीब 2 हजार हेक्टेयर भूमि के लिए भी कोई प्रभावी सिंचाई योजना नहीं है। दिलावर ने प्रस्ताव रखा कि मध्यप्रदेश के भानपुरा क्षेत्र से सटे इलाकों में पहले से गांधी सागर बांध की नहरों से सिंचाई हो रही है। इन नहरों के अतिरिक्त पानी का उपयोग रामगंज मंडी के गांवों तक पहुंचाने में किया जा सकता है। इसके लिए गांधी सागर से रीवा बैराज तक नई फीडर चैनल बनाने का सुझाव भी दिया गया।



*इंदौर में मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से चर्चा करते शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व अन्य।*

#### समाधान का दिलाया भरोसा

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से सुना और तकनीकी पहलुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि योजना का गहन अध्ययन कर व्यावहारिक समाधान निकाला जाएगा।

#### राज्यों की सक्रियता से किसानों को उम्मीद

गौरतलब है कि हाल ही में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रामगंज मंडी दौरे के दौरान भी इस परियोजना पर चर्चा हुई थी। अब दोनों राज्यों के स्तर पर बढ़ती सक्रियता से क्षेत्र के किसानों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान निकल सकता है।

---

युवती की मौत के बाद हंगामा

# डॉक्टर की गैरमौजूदगी में लगाया इंजेक्शन, मौत

**बेधड़क** | उदयपुर



जिले के मांडवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) में 18 वर्षीय युवती की संदिग्ध मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मृतका आरती कुमारी को शुक्रवार दोपहर खांसी-जुकाम की शिकायत पर परिजन पीएचसी लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद जीएनएम ने बिना डॉक्टर की मौजूदगी और बिना जांच-पर्ची बनाए इंजेक्शन लगा दिया, जिसके कुछ ही मिनटों में युवती की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। युवती का शव कोटड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया गया है। शनिवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल के बाहर एकत्रित होकर धरने पर बैठ गए। परिजन मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग पर अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलेगा, वे पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। मृतका के पिता मानाराम ने आरोप लगाया कि डॉक्टर की अनुपस्थिति में दिया गया इंजेक्शन ही मौत का कारण बना।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में नारद जयंती महोत्सव आयोजित

# देवर्षि नारद सम्मान से विभूषित हुए 70 से अधिक वरिष्ठ पत्रकार

**बेधड़क** | जयपुर

नारद जयंती पर शनिवार को दिल्ली रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में नारद जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट और पंचमुखी हनुमान मंदिर के सान्निध्य में हुआ। इस अवसर पर राजस्थान के विभिन्न समाचार पत्रों, टीवी और डिजिटल मीडिया से जुड़े 70 से अधिक वरिष्ठ पत्रकारों को 'देवर्षि नारद पत्रकार सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत पंचमुखी हनुमानजी एवं देवर्षि नारद की पूजा-अर्चना और महाआरती से हुई। इस दौरान गोविंद देवजी के महंत अंजन कुमार गोस्वामी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खोजी द्वाराचार्य राम रिछपाल दास महाराज, विशिष्ट अतिथि बृजमोहन शर्मा, आयोजन सचिव महंत संतोष कुमार शर्मा तथा मुख्य वक्ता जितेंद्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे। शेखावत ने देवर्षि नारद के जीवन और पत्रकारिता के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए निष्पक्षता और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में घाट के बालाजी के सुदर्शनाचार्य महाराज, मंदिर महंत रामरज त्यागी महाराज, परकोटा गणेश मंदिर के महंत अमित शर्मा और विजय शंकर पांडे सहित कई संत-महात्माओं की भी उपस्थिति रही।





*नारद जयंती महोत्सव का शनिवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते संत-महंत व अन्य। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र शर्मा, कविता पंत, चंद्र प्रकाश, रशपाल सिंह और विनोद शर्मा को सम्मानित करते अतिथि बृजमोहन शर्मा सहित संत-महंत।*

### फर्स्ट इंडिया के 4 पत्रकारों का सम्मान

नारद जयंती पर आयोजित समारोह में फर्स्ट इंडिया अंग्रेजी अखबार की वरिष्ठ पत्रकार कविता पंत, रशपाल सिंह भारद्वाज, विनोद शर्मा व चंद्रप्रकाश को सम्मानित किया गया। इसके अलावा नवल पांडे, डॉ. मिथलेश जैमिनी, रोहित सोनी, जितेंद्र प्रधान, मतीश पारीक, नीरज मेहरा, निरंजन चौहान, संजय कुमावत, दशरथ सिंह शेखावत, विजय केड़िया, भूपेंद्र शर्मा, मुकेश जैन, दिनेश गौतम, नीरज मेहरा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिनेश शर्मा, जया गुप्ता सहित कई अन्य पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप सभी को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और शॉल भेंट की गई।

## खटीक समाज के 23 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

# सम्मेलन में दिया नशा मुक्ति का संदेश, नवदंपतियों को प्रेरक पुस्तकें की भेंट



**बेधड़क** | जयपुर

कालवाड़ रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में खटीक समाज के 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक संदेशों के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में कालवाड़ शक्तिपीठ और करधनी चेतना केंद्र के महिला मंडल कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सेवाएं दीं। सम्मेलन का आयोजन अनीता महामना के सान्निध्य में किया गया, जबकि विवाह संस्कार कुसुम सिंघल की ओर से विधिवत संपन्न कराए गए। गायत्री परिवार की बहनों ने मंगल गीतों से वातावरण को भक्ति और उल्लास से भर दिया। इस अवसर पर नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह राजावत ने प्रेरणादायक संदेश दिया। आयोजन में विनोद पारीक, एमडी शर्मा, सज्जन, सुनीता राठौड़, रजनी, प्रसिद्धि, नितिन, लक्ष्मी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। कार्यक्रम का समापन समाज में संस्कार, सादगी और नशा मुक्ति के संदेश के साथ हुआ। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि एक वधू के पिता ने सार्वजनिक रूप से शराब जैसे नशे का त्याग करने की घोषणा की और उन्होंने संकल्प लिया कि वे किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। इस पहल की सभी उपस्थित जनों ने सराहना की। इस दौरान नवदंपतियों को 'अखंड ज्योति', 'आओ गढ़ें संस्कार' और 'ईश्वर कौन, कैसा' जैसी प्रेरक पुस्तकें भेंट की गईं। वक्ताओं ने विवाह में फिजूलखर्ची, दहेज प्रथा और आडंबर के विरोध का संदेश देते हुए सुसंस्कारित पारिवारिक जीवन और गर्भ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला।

## आज का पंचांग

◆**शुभ वि. सं. :** 2083 ◆**हिजरी सन:** 1447 ◆**ऋतु:** ग्रीष्म ऋतु
◆**संवत्सर का नाम:** रौद्र ◆**मास:** प्रथम ज्येष्ठ (शुद्ध) ◆**पक्ष:** कृष्ण
◆**शाके संवत:** 1948 ◆**अयन:** सूर्य उत्तरायण

### आज का दिन

**रविवार, 03 मई, 2026**
**सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति**




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज चर का चौघड़िया सुबह 7.29 से 9.07 बजे तक है। बाद में लाभ-अमृत का सुबह 9.07 से 12.24 बजे तक, फिर शुभ का चौघड़िया दोपहर 2.02 से 3.40 बजे तक है। इनमें शुभ कार्य कर सकते हैं।

**अभिजीत:** आज 11.51 से 12.44 बजे तक है।

**तिथि:** द्वितीया तिथि रात 3.02 बजे तक रहेगी। इसके बाद में तृतीया तिथि शुरू होगी।

**दिशाशूल:** पश्चिम दिशा में रहेगा।

**चंद्रमा:** आज चंद्रमा वृश्चिक राशि में रहेगा।

**राहु काल:** आज शाम 4.30 से 6.00 बजे तक रहेगा।

**नक्षत्र:** विशाखा सुबह 7.10 बजे तक , फिर अनुराधा नक्षत्र रहेगा।

**योग:** वरियान योग रात 10.28 बजे तक, फिर परिघ योग रहेगा।

### शुभाशुभ ज्ञान

विश्व हास्य दिवस, विश्व सूर्य दिवस, विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, त्रिपुष्कर योग सुबह 7.10 बजे तक, राज योग सुबह 7.10 से अगले दिन सूर्योदय तक।

-पं. अवधेश शर्मा

## शहर में आज

- सेठी कॉलोनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में आर्यिका संघ का मंगल प्रवेश सुबह 6 बजे।
- झालाना डूंगरी स्थित झालाना ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में सुरक्षा सखी पुस्तक का विमोचन दोपहर 12 बजे।
- होटल ग्रांड सफारी, जयपुर में वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे का आयोजन दोपहर 2 बजे।

### तीर्थ यात्रा कर जयपुर लौटे जैन श्रद्धालु

**जयपुर।** जैन तीर्थों की यात्रा कर श्रावक-श्राविकाओं का दल वापस जयपुर लौट आया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने निवाई के पास स्थित श्री दिगंबर जैन चन्द्रांचल स्वस्ति तीर्थ में भगवान चन्द्रप्रभु की अतिशयकारी प्राचीन प्रतिमा के दर्शन किए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रथम अभिषेक और शांतिधारा का पुण्य आलोक- सुनीता अजमेरा को प्राप्त हुआ। पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विशेष अतिशय का साक्षात अनुभव किया।

## चूलगिरी से संघीजी नसियां तक गूंजे जयकारे, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का सोलह साल बाद हुआ मंगल प्रवेश

**बेधड़क** | जयपुर

दिगंबर जैन समाज के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक और अत्यंत गौरवपूर्ण रहा, जब आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का 16 वर्ष बाद चूलगिरी के नीचे खानिया स्थित संघीजी की नसियां में मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर शहर और आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आचार्यश्री ने सुबह जवाहर नगर जैन मंदिर से पद विहार प्रारंभ किया। इसके बाद वे श्रद्धालुओं के साथ सेठी कॉलोनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। इसके बाद वे खानिया स्थित संघीजी की नसियां पहुंचे। इस दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आचार्यश्री का स्वागत किया। जय आचार्यश्री के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।



### 2009 की स्मृतियां फिर हुईं जीवंत

आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का वर्ष 2009 में इसी स्थान पर मंगल प्रवेश हुआ था, जिसकी स्मृतियां समाज में आज भी ताजा हैं। हाल ही में जवाहर नगर में उनका 22 दिवसीय मंगल प्रवास संपन्न हुआ, जिसमें उन्होंने धर्म, संयम, आत्मकल्याण और संस्कारों पर प्रेरणादायी संदेश दिए। कार्यक्रम के दौरान समाज के अनेक पदाधिकारी और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

### आर्यिका रत्न जिन देवी माताजी का मंगल प्रवेश आज

आचार्य रत्न बाहुबली महाराज की पट्ट शिष्या आर्यिका जिन देवी माताजी का रविवार सुबह 6 बजे सेठी कॉलोनी दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा। मंदिर अध्यक्ष दीनदयाल पाटनी और महामंत्री धर्मीचंद कासलीवाल ने बताया कि आर्यिका संघ का जवाहर नगर से सेठी कॉलोनी तक मंगल विहार होगा, जहां श्रद्धालु उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद मंदिर में दर्शन, अभिषेक और शांतिधारा का आयोजन होगा। मंगल प्रवेश के बाद धर्मसभा में आर्यिका माताजी के प्रवचन होंगे। यह अवसर लगभग 15 वर्ष बाद आया है।

# जैन महिला संगठन ने किया महामंत्र का जाप




**बेधड़क** | जयपुर

गणिनी प्रमुख आर्यिका शिरोमणि ज्ञानमति माताजी व प्रज्ञा श्रमणी आर्यिका चंदनामति माताजी की प्रेरणा से अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला संगठन जयपुर महानगर की अध्यक्ष रीमा गोधा के नेतृत्व में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र संघीजी सांगानेर में आदिनाथ भगवान को छत्र चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर महिला संगठन जयपुर महानगर इकाई की सभी महिला सदस्यों ने णमोकार महामंत्र का जाप किया। इसके पश्चात पंच परमेष्टि भगवान व मूलनायक अतिशयकारी भगवान आदिनाथ की आरती की। इस दौरान महिला संगठन की ओर से अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन बड़जात्या व उनकी धर्मपत्नी अनीता बड़जात्या का साफा व दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला संगठन जयपुर महानगर की अध्यक्ष रीमा गोधा, मंत्री शिमला जैन, उपाध्यक्ष सुनीता चांदवाड़, कोषाध्यक्ष बीना सोगानी, संयुक्त मंत्री आरती अजमेरा, प्रचार मंत्री सुनीता जैन, सांस्कृतिक मंत्री निशा गंगवाल, संरक्षक सुधा शाह, संरक्षक अनीता जैन हाथरस सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

# 15 लाख आहुतियों के साथ महायज्ञ सम्पन्न

**बेधड़क** | जयपुर

कालूकाबास-तिगरिया गांव स्थित श्री नृसिंह मंदिर परिसर में नौ दिन से चल रहा 108 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ 15 लाख आहुतियों के साथ सम्पन्न हुआ।

महायज्ञ का आयोजन महंत गंगादास महाराज के सान्निध्य एवं यज्ञाचार्य पं. चिरंजीव शास्त्री के निर्देशन में किया गया। मुख्य यजमान लड्डूराम एवं कोयली देवी बाड़ीगर रहे। समापन अवसर पर शाहपुरा विधायक मनीष यादव, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, भाजपा नेता उपेन यादव सहित अनेक संत-महात्माओं ने पूर्णाहुति में भाग लिया। साध्वी श्यामा किशोरी ने श्रीराम और श्रीकृष्ण लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। इस दौरान भंडारे और भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# जैन सोशल ग्रुप करेगा इंडोर गेम्स का आयोजन

**बेधड़क** | जयपुर

जैन सोशल ग्रुप नॉर्दर्न रीजन की बैठक नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारकजी की नसियां के तोतुका सभागार में हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान इसी माह आयोजित होने वाले इंडोर गेम्स के पोस्टर का विमोचन किया गया। चेयरमैन राजीव पाटनी ने बताया कि आगामी वर्ष में समूह की ओर से कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें मई में इंडोर खेल प्रतियोगिता, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और जुलाई में अंताक्षरी प्रतियोगिता प्रमुख हैं। बैठक में इंटरनेशनल डायरेक्टर्स और नॉर्दर्न रीजन के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। सचिव रविंद्र बिलाला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में खेल, संस्कृति और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना बताया गया।




# नृसिंह जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया

### भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन

**बेधड़क** | जयपुर

एमआई रोड, पांचबत्ती स्थित श्री नृसिंहजी मंदिर में नृसिंह जयंती महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम महंत पं. पीताम्बर प्रसाद महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ। वैशाख शुक्ल चतुर्दशी के अवसर पर सुबह नृसिंह भगवान के विग्रह का दुग्धाभिषेक और पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद में आकर्षक पुष्पों से श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर हवन-पूजन सहित अनेक कार्यक्रम संपन्न हुए। शाम को भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंत में प्रसादी वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ।



## अधिकमास के कारण ज्येष्ठ माह होगा 59 दिन का

# 'शिवधारा' से शिव का अभिषेक, दान-पुण्य का चलेगा दौर

### 11 मटकियों से महाकाल का निरंतर होता है अभिषेक

**बेधड़क** | जयपुर

हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह की शुरुआत शनिवार से हो चुकी है। इस बार अधिकमास होने के कारण यह महीना 59 दिन का होगा। भीषण गर्मी के बीच यह माह भगवान शिव की उपासना, दान-पुण्य और सेवा के लिए विशेष महत्व रखता है। ज्येष्ठ माह में देशभर के शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक के आयोजन किए जा रहे हैं। खासतौर पर उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में ज्येष्ठाभिषेक की परंपरा बड़े धूमधाम से निभाई जाती है। इस दौरान शिवलिंग को शीतलता प्रदान करने के लिए 'गलंतिका' बांधी जाती है। इसमें मिट्टी के कलश में छोटा छेद कर उसे शिवलिंग के ऊपर लटकाया जाता है, जिससे पानी की बूंद-बूंद धारा लगातार गिरती रहती है। इस प्रक्रिया को 'शिवधारा' कहा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, तेज गर्मी में भगवान शिव को ठंडक पहुंचाने के लिए यह परंपरा निभाई जाती है। वहीं वैज्ञानिक दृष्टि से भी यह उपयोगी मानी जाती है, क्योंकि लगातार गिरता जल आसपास के वातावरण को भी ठंडा बनाए रखने में मदद करता है। महाकाल मंदिर में यह परंपरा वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से ज्येष्ठ पूर्णिमा तक चलती है। इस दौरान 11 मटकियों के माध्यम से महाकाल का निरंतर अभिषेक किया जाता है।



### इस बार आठ बड़े मंगलवार

ज्येष्ठ माह की एक खास बात यह भी है कि इसमें 'बड़ा मंगल' की संख्या बढ़ गई है। सामान्यतः चार मंगलवार होते हैं, लेकिन इस बार अधिकमास होने से आठ बड़े मंगल पड़ रहे हैं। इन दिनों हनुमानजी की विशेष पूजा की जाती है। साथ ही जलदान, छाछ, घड़े और पंखों का दान करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अधिकमास में किए गए व्रत, तप और दान का फल दोगुना प्राप्त होता है। इस दौरान सूर्य देव, वरुण देव और हनुमानजी की उपासना का भी विशेष महत्व बताया गया है।

### इस दिन भी होगी विशेष पूजा-अर्चना

ज्येष्ठ अमावस्या पर 16 मई को वट सावित्री व्रत रखा जाएगा। यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए खास होता है, जिसमें वे वट वृक्ष की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। इसी दिन शनि अमावस्या भी है, जिसके चलते शनि जयंती भी मनाई जाएगी। 25 मई को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। 25 जून को निर्जला एकादशी का व्रत रखा जाएगा, जिसे भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन बिना जल ग्रहण किए व्रत रखा जाता है। इस एक व्रत से वर्षभर की सभी एकादशियों के समान फल प्राप्त होता है। श्रद्धालु इस दौरान पूजा-अर्चना, जलदान और सेवा कार्यों के माध्यम से पुण्य अर्जित करते हैं।

## सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट

# महिलाओं की सुरक्षा और सत्ता में भागीदारी अब भी गंभीर चुनौती



नफीस आफरीदी
स्वतंत्र पत्रकार, जयपुर

*महिलाओं के प्रति हिंसा और सत्ता में उनकी भागीदारी - ये दोनों ही विषय परस्पर जुड़े हुए हैं। जहां हिंसा महिलाओं को पीछे धकेलती है, वहीं सत्ता में भागीदारी उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति देती है। यदि समाज को वास्तव में समतामूलक बनाना है, तो इन दोनों क्षेत्रों में एक साथ और समन्वित प्रयास करने होंगे। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है कि वह महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और सशक्त वातावरण प्रदान करे।*



सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रिपोर्ट 'भारत में महिला और पुरुष 2025' भारतीय समाज में लैंगिक स्थिति का जो समग्र परिदृश्य प्रस्तुत करती है, उसके दो आयाम विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के प्रति हिंसा और सत्ता एवं निर्णय-निर्माण में उनकी भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे अभी भी चिंताजनक हैं। ये दोनों ही क्षेत्र किसी भी लोकतांत्रिक समाज की परिपक्वता और संवेदनशीलता के कसौटी स्तंभ माने जाते हैं। एक ओर जहां हिंसा यह बताती है कि समाज के भीतर स्त्री की सुरक्षा और सम्मान की वास्तविक स्थिति क्या है, वहीं सत्ता में उसकी भागीदारी यह दर्शाती है कि वह अपने अधिकारों और अस्तित्व को किस हद तक स्वयं निर्धारित कर पा रही है। महिलाओं के प्रति हिंसा के संदर्भ में रिपोर्ट का चित्र चिंताजनक होते हुए भी जटिल है। आंकड़े यह संकेत देते हैं कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। दरअसल, इस वृद्धि के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण रिपोर्टिंग में बढ़ोतरी भी है, जो यह दर्शाती है कि महिलाएं अब पहले की तुलना में अधिक मुखर और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हुई हैं। घरेलू हिंसा, दहेज-हत्या, यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसे अपराधों के आंकड़े यह बताते हैं कि समस्या का स्वरूप बहुआयामी है। यह केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक ढांचे में जड़ें जमाए हुए है। पितृसत्तात्मक मानसिकता, आर्थिक निर्भरता और सामाजिक कलंक जैसी बाधाएं अब भी महिलाओं को न्याय प्राप्त करने से रोकती हैं।

ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में हिंसा के स्वरूप में अंतर दिखाई देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू हिंसा और बाल-विवाह जैसे मुद्दे अधिक प्रमुख हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न और साइबर अपराधों का खतरा बढ़ा है। जैसे-जैसे महिलाएं सार्वजनिक जीवन में अधिक सक्रिय हो रही हैं, वैसे-वैसे उनके सामने नई चुनौतियां भी उत्पन्न हो रही हैं। कानूनों और नीतियों- जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम या कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निरोधक कानून की मौजूदगी के बावजूद उनका प्रभावी क्रियान्वयन अब भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऐसा लगता है कि जब तक सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन नहीं होगा, तब तक ये आंकड़े केवल कागजों पर ही सुधार दिखाएंगे। शिक्षा, जागरूकता और आर्थिक आत्मनिर्भरता- ये तीनों ऐसे स्तंभ हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं के विरुद्ध हिंसा को वास्तविक रूप से कम किया जा सकता है। दूसरी ओर सत्ता और निर्णय-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी का प्रश्न भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता से सीधे जुड़ा हुआ है। रिपोर्ट यह संकेत देती है कि स्थानीय निकायों- जैसे पंचायतों और नगरपालिकाओं में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है, जिसका श्रेय संवैधानिक आरक्षण को जाता है। कई राज्यों में 50 प्रतिशत तक आरक्षण ने महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका में आने का अवसर दिया है और इससे न केवल उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है, बल्कि स्थानीय शासन की प्राथमिकताओं में भी बदलाव देखने को मिला है- जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और जल-संसाधन जैसे मुद्दों पर अधिक ध्यान। इसके इतर जब हम राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर की राजनीति की ओर देखते हैं, तो स्थिति उतनी उत्साहजनक नहीं है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी अब भी सीमित है। हाल के वर्षों में महिलाओं की संख्या में कुछ वृद्धि हुई है, लेकिन यह वृद्धि अभी भी संतोषजनक स्तर तक नहीं पहुंची है। रिपोर्ट उजागर करती है कि सत्ता के उच्च स्तरों पर पहुंचने के लिए महिलाओं को अब भी कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण राजनीतिक दलों में अवसरों की कमी, चुनावी वित्तपोषण की कठिनाइयां और सामाजिक पूर्वाग्रह है।

सत्ता में भागीदारी के प्रश्न पर यदि महिलाएं निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में वास्तविक रूप से शामिल होती हैं, तो नीतियों और कार्यक्रमों में लैंगिक संवेदनशीलता स्वतः बढ़ती है। उदाहरण के लिए, महिला नेतृत्व वाले क्षेत्रों में अक्सर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जाती है, जो समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। आर्थिक और शैक्षिक सशक्तीकरण का सीधा संबंध सत्ता में भागीदारी से है। जो महिलाएं शिक्षित और आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं, वे न केवल अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग होती हैं, बल्कि नेतृत्व की भूमिकाओं में भी अधिक सक्रियता से भाग लेती हैं। इसलिए, यदि सत्ता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी है, तो शिक्षा और रोजगार के अवसरों का विस्तार करना होगा। महिलाओं के प्रति हिंसा और सत्ता में उनकी भागीदारी- ये दोनों ही विषय परस्पर जुड़े हुए हैं। जहां हिंसा महिलाओं को पीछे धकेलती है, वहीं सत्ता में भागीदारी उन्हें आगे बढ़ने की शक्ति देती है। यदि समाज को वास्तव में समतामूलक बनाना है, तो इन दोनों क्षेत्रों में एक साथ और समन्वित प्रयास करने होंगे। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है कि वह महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और सशक्त वातावरण प्रदान करे, ताकि वे न केवल अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकें, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी बराबरी से योगदान दे सकें। यह रिपोर्ट वर्ष 2026 में जारी इसका 27वां संस्करण है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं से संकलित आंकड़ों के आधार पर महिलाओं और पुरुषों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य संबंधी स्थिति का समग्र चित्र प्रस्तुत किया गया है। इसमें लगभग 50 प्रमुख संकेतकों को शामिल किया गया है, जिनके माध्यम से जनसंख्या संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, निर्णय-निर्माण और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई है। जनसंख्या के संदर्भ में रिपोर्ट यह दर्शाती है कि भारत में जन्म के समय लिंग अनुपात में सुधार हुआ है। वर्ष 2017-19 में जहां यह 904 था, वहीं वर्ष 2021-23 में बढ़कर 917 हो गया है, जो महिलाओं के अस्तित्व और जीवित रहने की बेहतर स्थिति का संकेत है। इसके साथ ही शिशु मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को दर्शाती है। प्राथमिक से लेकर उच्च माध्यमिक स्तर तक लड़कियों और लड़कों के बीच लगभग पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त हो चुकी है। उच्च शिक्षा में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2022-23 में महिलाओं का सकल नामांकन अनुपात 30.2 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो पुरुषों से अधिक है। यह बदलाव दर्शाता है कि शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति अब केवल सहभागिता तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे प्रतिस्पर्धा में भी आगे बढ़ रही हैं। एक ओर श्रम बल भागीदारी दर में वृद्धि देखी गई है, विशेषकर ग्रामीण महिलाओं में, जहां यह 37.5 प्रतिशत से बढ़कर 45.9 प्रतिशत तक पहुंच गई है। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित है। इसके बावजूद प्रबंधकीय पदों पर महिलाओं की संख्या में 100 प्रतिशत से अधिक वृद्धि यह संकेत देती है कि महिलाएं नेतृत्व के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में कमी, पोषण स्तर में सुधार और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में वृद्धि यह दर्शाती है कि सरकारी योजनाएं और जागरूकता कार्यक्रम प्रभावी हो रहे हैं। हालांकि, कुपोषण, एनीमिया और ग्रामीण-शहरी असमानताएं अभी भी चुनौती बनी हुई हैं। निर्णय-निर्माण और राजनीतिक भागीदारी के संदर्भ में, रिपोर्ट यह बताती है कि महिलाओं की उपस्थिति धीरे-धीरे बढ़ रही है, विशेषकर स्थानीय निकायों (पंचायत और नगरपालिकाओं) में। फिर भी संसद और उच्च प्रशासनिक पदों पर महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम है, जो लैंगिक समानता के मार्ग में एक महत्वपूर्ण बाधा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



महेंद्र सुराणा
जयपुर

### नृत्य: अनाहत स्पंदन का उत्सव



*जब वाणी अपनी सीमा पर ठहर जाती है, और निःशब्दता भी अर्थ खोने लगती है, तब पगों में एक अदृश्य कंपन जन्म लेता है, जो भीतर की धड़कन बन, सृष्टि से संवाद रचता है।*

*हर गति में एक गुप्त संतुलन छिपा है, हर विराम में अनंत का विस्तार, मानो अस्तित्व स्वयं बह रहा हो, अदृश्य लहरों में, निरंतर, अपार। यह केवल देह का संचलन नहीं, यह चेतना का उज्ज्वल आलोक है,*

*जहां हर उठान एक अर्चना बनती है, और हर झुकाव एक गहन संयोग है। कभी यह मंद पवन सा स्पर्श लिए, कभी प्रफुल्ल तरंगों सा उन्मुक्त, कभी ध्यान की नीरव गहराई सा, कभी जीवन की धारा सा अनियंत्रित मुक्त।*

*यह तन को संतुलन का सौंदर्य देता, मन को निर्मल आकाश बनाता, बिखरे हुए भावों को समेटकर, अंतर में एक दिव्य संगीत जगाता।*

*यह भीड़ में अदृश्य सूत्र पिरोता, एकांत में आत्मा का संग निभाता, नृत्य वही, जो सीमाओं को लांघकर, स्वयं को स्वयं में ही विलीन कर जाता।*

*जीवन कोई स्थिर चित्र नहीं, यह तो अनवरत सृजन की धारा है, जो इस अनाहत स्पंदन को सुन ले, वही सच में जीने का अधिकारी है।*



गोपाल कृष्ण व्यास
पूर्व अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग

### मन का अहसास

*इच्छाओं के समंदर में,*
*मन के मोती फिसल गए,*
*जिन्हें सहेजना चाहा था,*
*कहीं और जाकर बस गए।*

*उनको चमकते देखकर,*
*दिल में भी सुकून आ गया,*
*दुआओं का पैमाना मेरे*
*होठों से खुद ही छलक गया।*

*कोमल स्पर्श उन हाथों का*
*मैं कभी भुला न पाऊंगा,*
*पवित्र अहसास उस क्षण का*
*दिल में बसाकर रखूंगा।*

*यौवन में आंखों की पुतली*
*चेहरे पर जाकर रुक गई,*
*मन की डोर पतंग संग उड़कर*
*आंखों से ओझल हो गई।*

*दिल ने जिसे अपना समझा,*
*वो यादों में मेरी ठहर गए,*
*हम कैसे कहें पराया उनको*
*वो जहन में मेरे बसते गए।*

*दिल की गीली सीमेंट में*
*एक नाम मन से लिख दिया,*
*वक्त निकलते-निकलते ही*
*वह सूखकर अमिट हो गया।*

*आस-पास रहें या दूर रहें,*
*ना कोई शिकवा मुझे उनसे,*
*चमकते रहें और खुश रहें*
*यह दुआ मेरे दिल की उनसे।*

**लेखकों से आग्रह है...**
**वे 'सच बेधड़क' में प्रकाशन के लिए अपने लेख, कविता, कहानी, व्यंग्य आदि रचनाएं हमें Editor@sachbedhadakdaily.com पर ई मेल करें। साथ में रचना के अप्रकाशित होने का स्वघोषणा पत्र भी भेजें।**

## कहानी



वीरेश दत्त माथुर
जयपुर

# लिफ्ट वाला मकान




जयपुर की पॉश कॉलोनी में 'लिफ्ट वाला मकान' के नाम से लोकप्रिय घर में रहने वाले प्रवीण रविवार को सुबह 5 बजे उठते हैं, फिर कुछ देर बाद अखबार उठाकर लिफ्ट से अपनी छत पर आकर आरामदायक कुर्सी पर बैठ जाते हैं। फिर अखबार खोलकर खबरें पढ़ने लगते हैं। अचानक उनका ध्यान अखबार में छपी एक खबर पर जाता है। यह खबर 'बद्रीनाथ में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं भक्त' शीर्षक वाली होती है। यह खबर पढ़कर प्रवीण सपनों की दुनिया में गोते लगाने लगते हैं। उन्हें याद आता है कि वे पिछली बार अपनी मम्मी मानकंवर और मौसियों के साथ उत्तराखंड के चारों धाम बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा पर गए थे। उस समय की गई तीर्थ यात्रा में खूब आनंद आया था। यह यात्रा उन्होंने उनके मौसीजी के पुत्र मुकेश के कहने से की थी। सपनों में सोचते हुए प्रवीण उस समय की उत्तराखंड की यात्रा के अनमोल पलों को याद करते हुए खुश होते हैं। वह सोचते हैं कि यह यात्रा सिर्फ पर्यटन नहीं, बल्कि आत्म-खोज का जरिया थी। पहाड़ों ने सिखाया कि प्रकृति के बीच इंसान कितना छोटा है और इस शांति की कितनी अहमियत है। वह सपनों में आंखें बंद कर उस यात्रा से जुड़े अनुभवों को याद करते हुए सो जाते हैं।

कुछ समय बाद उनके छोटे भाई नीरज की बिटियां छत पर चाय लाती हैं और जोर से बोलती हैं, 'ताऊजी, चाय पी लीजिए।' इस मधुर आवाज से प्रवीण की आंख खुलती है। फिर वह चाय की चुस्कियों के साथ छत पर टहलते हुए अपनी उत्तराखंड की पुरानी यात्रा को याद करने लगते हैं। फिर वह अपना मोबाइल उठाते हैं तथा अपनी पत्नी जयंती को फोन कर कहते हैं, 'अभी तुरंत घर के सभी सदस्यों को लेकर छत पर आ जाओ।' जयंती प्रवीण का फोन सुनकर डर जाती हैं और कहती हैं, 'क्या हुआ, तबियत तो सही है?' उधर से प्रवीण कहते हैं, 'हां, सब ठीक है। बस तुम परिवार के सभी सदस्यों को लेकर छत पर आ जाओ।' इसके बाद प्रवीण के परिवार के सभी सदस्य जयंती, अरुण, अल्का, नीरज, रितु, सनी, अनी, मिनी घर की लिफ्ट से छत पर पहुंच जाते हैं। फिर प्रवीण के छोटे भाई अरुण कहते हैं, 'भाई साहब, क्या हुआ, जो आपने हम सबको सुबह-सुबह छत पर बुलाया है?

फिर प्रवीण अपने पास पड़े अखबार में छपी 'बद्रीनाथ में बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं भक्त' की खबर सबको बताते हुए कहते हैं, 'मेरी इच्छा है कि इस बार भी हमारा पूरा परिवार फिर से बद्रीनाथ, केदारनाथ की यात्रा पर जाए।' यह बात सुनकर अरुण कहते हैं, 'भाई साहब, आप कह रहे हैं तो हम फिर से उत्तराखंड की यात्रा पर चलेंगे।' इसके बाद सभी बच्चे तालियां बजाते हैं। परिवार की आपसी बातचीत में जयंती कहती हैं, 'हमारी पहले की गई उत्तराखंड की यात्रा वास्तव में बेमिसाल और अनमोल थी। इस यात्रा में सासू मां मानकंवर देवी ने हम बहुओं को पहाड़ों पर चढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ यात्रा के बिताए पल हमेशा याद रहेंगे।' परिवार के सदस्यों की इस बातचीत के दौरान घर की बहुएं अल्का व रितु सभी के लिए चाय व पकौड़े छत पर ले आती हैं। फिर प्रवीण का पूरा परिवार चाय पीने लगता है। फिर अचानक प्रवीण का फोन बजता है। उधर से प्रवीण के मौसीजी के लड़के मुकेश की आवाज आती है। प्रवीण कहते हैं, 'भाई साहब, आपकी बहुत लंबी उम्र है। आज मैं आपके साथ की गई बद्रीनाथ यात्रा के बारे में ही सोच रहा था।' मुकेश कहते हैं, 'मैं आज बाहर जाने की यात्रा का प्लान बना रहा हूं। चलना हो तो बताओ।' प्रवीण कहते हैं, 'जरूर चलेंगे।' फिर कुछ समय बाद मुकेश और प्रवीण एक साथ घर पर बैठते हैं तथा परिवार के साथ फिर से बद्रीनाथ, केदारनाथ जाने का प्लान बनाते हैं। फिर मुकेश अपने परिचित ट्रेवल एजेंट को फोन कर एसी बस बुक करा देता है। कुछ दिन बाद प्रवीण व मुकेश का परिवार बद्रीनाथ, केदारनाथ की यात्रा के लिए निकल पड़ते हैं। उनकी बस उत्तराखंड की ठंडी वादियों, शांत और सुंदर वातावरण के बीच ऊंची पहाड़ियों पर चल रही थी। बस में बैठे सभी परिवार के सदस्य देवदार के घने जंगलों, बर्फ से ढके पहाड़ों और ताजी हवा का आनंद लेकर खुश हो रहे थे। अचानक रूद्रप्रयाग के पास सड़क पर लंबा जाम ड्राइवर को नजर आता है। वह बस को एक किनारे कर रोकता है। फिर तेजी से चारों तरफ बादल गरजने लगते हैं। कुछ देर में तेज बारिश शुरू हो जाती है। इसके बाद बस में से अरुण व मुकेश छाता लेकर उतरते हैं। आसपास पूछने पर पता चलता है कि आगे मौसम बहुत खराब है। लैंड स्लाइडिंग हो गई है, इसलिए बद्रीनाथ का रास्ता बंद हो गया है। यह जानकारी सुनकर मुकेश चिंतित हो जाते हैं। वह तुरंत बस में पहुंचकर प्रवीण को सारी जानकारी देते हैं। इसके बाद बस में बैठे युवा मोबाइल से मौसम का पूर्वानुमान देखकर बताते हैं, 'ताऊजी, अगले दो दिन यहां का मौसम बहुत खराब रहने वाला है।' यह सुनकर प्रवीण के परिवार की महिलाएं बहुत घबरा जाती हैं। फिर अरुण कहते हैं, 'अब घबराने से कुछ नहीं होगा। आज की रात तो हमें यहीं बस में बितानी पड़ेगी।' इस बीच प्रवीण का छोटा भाई नीरज बारिश में भीगता हुआ रूद्रप्रयाग के पास के बाजार में पहुंचकर ठहरने का स्थान ढूंढता है। वहां उसे पांच मंजिला एक धर्मशाला नजर आती है। वह उस धर्मशाला के ग्राउंड फ्लोर पर तीन कमरे बुक कर बस में पहुंचकर प्रवीण को बताता है कि 'मैंने पास की धर्मशाला में तीन कमरे बुक कर दिए हैं, अब हम बस में नहीं, धर्मशाला में ठहरेंगे।' इसके बाद प्रवीण के सभी परिवार के लोग रूद्रप्रयाग की धर्मशाला में पहुंच जाते हैं तथा कमरे में आराम करने लगते हैं। इस पांच मंजिल की धर्मशाला में पहले से ही बहुत से यात्री ठहरे हुए होते हैं। उस रात तेज बारिश होती है तथा जोर-जोर से बिजली कड़कती है। इस कारण धर्मशाला में ठहरे यात्री पूरी रात जागते हुए बिताते हैं।

अगले दिन सुबह जब प्रवीण कमरे से बाहर आते हैं तो उन्हें धर्मशाला की पांचवीं मंजिल से महिलाओं के तेज-तेज रोने की आवाजें सुनाई पड़ती हैं। अचानक धर्मशाला की पांचवीं मंजिल से एक युवक सीढ़ियों से दौड़ता हुआ नीचे आता है तथा जोर-जोर से चिल्लाता है, 'मेरे पिताजी की तबियत खराब हो रही है, आसपास कोई डॉक्टर हो तो बताइए।' यह सुनकर धर्मशाला का चायवाला उसे डॉक्टर का नंबर देता है। फिर वह डॉक्टर से बात करते हुए कहता है, 'डॉ. साहब, आप जल्दी धर्मशाला आ जाइए।' इसके बाद धर्मशाला की पांचवीं मंजिल से सीढ़ियों द्वारा बीमार यात्री को गोद में उठाकर कुछ लोग नीचे लाते हैं। इससे यात्री की तबियत और बिगड़ जाती है। फिर डॉक्टर एंबुलेंस लेकर धर्मशाला पहुंच जाता है तथा बीमार यात्री का चेकअप कर उसे अस्पताल ले जाता है। इधर प्रवीण धर्मशाला की पांचवीं मंजिल में ठहरे बीमार यात्री को सीढ़ियों से उतारे जाने का दृश्य देखकर दुखी हो जाते हैं। उनकी आंखों में आंसू छलक पड़ते हैं। वह मन ही मन प्रण करते हैं कि मैं आने वाले समय में रूद्रप्रयाग की इस धर्मशाला में लिफ्ट लगवाऊंगा, ताकि बीमार व बुजुर्ग व्यक्तियों को ऊपर-नीचे आने-जाने में तकलीफ नहीं हो। वह सोचते हैं कि असली तीर्थ यात्रा तो जनसेवा करना ही है। कुछ समय बाद प्रवीण धर्मशाला में बीमार हुए यात्री की खबर उसके रिश्तेदारों से लेते हैं। उन्हें पता चलता है कि बीमार व्यक्ति अब स्वस्थ हो गया है। यह सुनकर वह ईश्वर को धन्यवाद देते हैं। फिर कुछ देर में बारिश का दौर धीरे-धीरे कम हो जाता है। इसके बाद प्रवीण के परिवार के लोग वापस अपनी बस में पहुंच जाते हैं। फिर वे आगे बद्रीनाथ के सफर के लिए रवाना हो जाते हैं। इसके बाद केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री की यात्रा कर प्रवीण का परिवार सकुशल जयपुर पहुंच जाता है। जयपुर पहुंचने के कुछ समय बाद प्रवीण रूद्रप्रयाग की धर्मशाला के मैनेजमेंट से फोन पर बात कर अपनी तरफ से धर्मशाला में लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव देते हैं। इस पर धर्मशाला का मैनेजमेंट खुशी जाहिर करता है। इसके बाद प्रवीण रूद्रप्रयाग की धर्मशाला में लिफ्ट लगवा देते हैं। कुछ समय बाद धर्मशाला का मैनेजर प्रवीण को वीडियो कॉल के जरिए रूद्रप्रयाग की धर्मशाला में ठहरे बुजुर्ग लोगों को आराम से लिफ्ट द्वारा ऊपर मंजिल पर जाते हुए दिखाता है। यह देखकर प्रवीण खुश हो जाते हैं। इसके बाद प्रवीण अपनी पत्नी जयंती को यह सब बताते हैं। जयंती खुशी जाहिर करते हुए कहती हैं, 'हमारे द्वारा भेंट की गई लिफ्ट आज आमजन के काम आ रही है, इससे अच्छी बात क्या हो सकती है। ईश्वर ने हमारी तीर्थ यात्रा को सार्थक बना दिया है।' इस पर प्रवीण कहते हैं, 'हमारा भी तो लिफ्ट वाला मकान है, इसमें रहकर पूरा परिवार जनसेवा कर रहा है।'

## अंडमान निकोबार: पानी के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, बनाया 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड'



*श्री विजय पुरम के पास स्वराज द्वीप में समुद्र के नीचे फहराने के लिए 60 गुणा 40 मीटर आकार के तिरंगे को लिए हुए अंडमान और निकोबार पुलिस, वन विभाग, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के जवान और विभिन्न डाइविंग सेंटरों के स्कूबा गोताखोर।*



*श्री विजय पुरम के पास स्वराज द्वीप में समुद्र के नीचे सबसे बड़े राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराने में शामिल अंडमान और निकोबार पुलिस, वन विभाग, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के जवान व डाइविंग केंद्रों के स्कूबा गोताखोर।*



*अंडमान और निकोबार प्रशासन द्वारा श्री विजय पुरम के पास राधानगर बीच पर पानी के नीचे दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराकर एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में शामिल विभिन्न एजेंसियों के कर्मियों और स्कूबा गोताखोरों को प्रमाण पत्र दिए गए।*

### 60 मीटर लंबा व 40 मीटर चौड़ा है तिरंगा

श्री विजय पुरम। अंडमान निकोबार प्रशासन ने शनिवार को राधानगर बीच पर पानी के भीतर दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर नया 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' बनाया। यह विशाल तिरंगा स्वराज द्वीप (हैवलॉक द्वीप) में समुद्र के भीतर एक जटिल और सटीक समन्वित अभियान के तहत फहराया गया। इस तिरंगे की लंबाई 60 मीटर है जबकि चौड़ाई 40 मीटर है।

### विभिन्न विभागों के कर्मियों ने बनाया अभियान को सफल

अंडमान निकोबार पुलिस, वन विभाग, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों के साथ-साथ विभिन्न गोताखोरी केंद्रों के गोताखोरों ने पानी के भीतर ध्वज फहराने के इस जटिल अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम में उपराज्यपाल डी के जोशी, मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार और पुलिस महानिदेशक एचएस धालीवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### उपराज्यपाल को प्रदान किया प्रमाण पत्र

शनिवार सुबह 10:35 बजे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के निर्णायक ऋषि नाथ ने औपचारिक रूप से इस उपलब्धि की पुष्टि की और उपराज्यपाल डी के जोशी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। जोशी ने इस उपलब्धि को एक महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए इसमें शामिल लोगों के समन्वय और समर्पण की सराहना की।

### निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नासिक।** नासिक की एक अदालत ने शनिवार को टीसीएस की नासिक इकाई में कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन से संबंधित मामले में आरोपी निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष ने निदा खान से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता पर जोर दिया। लोक अभियोजक अजय मिसर ने पत्रकारों से कहा, अदालत ने निदा खान की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### राहुल गांधी के 'वॉइस सैंपल' लेने की अर्जी खारिज

**सुलतानपुर (उप्र)।** सुलतानपुर की सांसद/विधायक अदालत ने शनिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में उनकी आवाज का नमूना (वॉइस सैंपल) लेने की याचिका खारिज कर दी। वादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि वह इस आदेश के खिलाफ सेशन कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दाखिल करेंगे।

### यौन उत्पीड़न के बाद बच्ची की हत्या, आरोपी अरेस्ट

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 65 वर्षीय मजदूर ने चार वर्षीय बच्ची का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न कर उसकी हत्या कर दी। घटना को लेकर आक्रोश के बीच पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने लोगों को आश्वासन दिया कि मामले में 15 दिन के भीतर आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा और सुनवाई त्वरित अदालत में होगी। यह घटना भोर तहसील के एक गांव में हुई। आरोपी के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## मतगणना में केंद्रीय कर्मियों की तैनाती का मामला: TMC की याचिका खारिज

# चुनाव आयोग के पास मतगणना कर्मियों की नियुक्ति का अधिकार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस की ओर से दायर उस याचिका पर आगे कोई निर्देश देने से इनकार कर दिया, जिसमें निर्वाचन आयोग (ईसी) ने पश्चिम बंगाल में मतगणना के दौरान केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तैनाती को चुनौती दी थी।



निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ढांचे को प्रभावी रूप से बरकरार रखते हुए न्यायाधीश पी एस नरसिम्हा और न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची की विशेष पीठ ने कहा कि चुनाव निकाय का 13 अप्रैल का परिपत्र कानून के विपरीत नहीं है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों की संयुक्त रूप से तैनाती का प्रावधान है। पीठ ने कहा कि आयोग के पास दोनों समूहों में से किसी भी समूह से मतगणना कर्मचारी नियुक्त करने का अधिकार है। इस मामले में आगे किसी आदेश की आवश्यकता नहीं है, सिवाय इसके कि आयोग की ओर से उपस्थित डी. एस. नायडू के इस बयान को रिकॉर्ड किया जाए कि आयोग 13 अप्रैल के परिपत्र को उसकी पूर्ण भावना के साथ अक्षरशः लागू करेगा। इन स्पष्टताओं के साथ विशेष अनुमति याचिका खारिज की जाती है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 30 अप्रैल को निर्वाचन आयोग के परिपत्र के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की याचिका खारिज करते हुए कहा था कि राज्य सरकार के कर्मचारियों के बजाय केंद्र सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक नियुक्त करने के निर्वाचन आयोग के निर्णय में कुछ अवैध नहीं है। उच्च न्यायालय ने मतगणना प्रक्रिया में निगरानी के कई स्तरों की मौजूदगी का हवाला देते हुए उस आरोप को भी खारिज कर दिया कि केंद्र सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी केंद्र सरकार से प्रभावित हो सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शुरुआत में कहा कि परिपत्र 13 अप्रैल का था लेकिन उन्हें इसकी जानकारी 29 अप्रैल को मिली।

### EC ने 165 अतिरिक्त मतगणना व 77 पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को होने वाली मतगणना से पहले निर्वाचन आयोग ने शनिवार को राज्य में 165 अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक और 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए। आयोग के अनुसार, अतिरिक्त मतगणना पर्यवेक्षक पहले से तैनात 294 पर्यवेक्षकों की सहायता करेंगे, जबकि पुलिस पर्यवेक्षक सुरक्षा-व्यवस्था को मजबूत करेंगे और मतगणना केंद्रों के बाहर कानून-व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि आमतौर पर मतगणना के दौरान पुलिस पर्यवेक्षक तैनात नहीं किए जाते। उन्होंने कहा कि हालांकि उन्हें मतगणना कक्ष के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी और वे केवल बाहर व्यवस्था संभालेंगे। आयोग ने कहा कि सुरक्षित, शांतिपूर्ण, भयमुक्त व पारदर्शी माहौल में मतगणना कराने के लिए अतिरिक्त पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि उसने संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए इन अतिरिक्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। ये सभी पर्यवेक्षक उसके नियंत्रण और पर्यवेक्षण में काम करेंगे।

## आप छोड़ भाजपा में हुए थे शामिल

# राज्यसभा सांसद संदीप पाठक पर एफआईआर दर्ज

**एजेंसी | चंडीगढ़**



हाल में आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब पुलिस ने प्राथमिकियां दर्ज की हैं। इसके साथ ही इस पर सियासत भी शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार, पाठक के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं के तहत दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। हालांकि इन प्राथमिकियों के बारे में अभी कोई और विवरण सामने नहीं आया है। पाठक उन सात राज्यसभा सदस्यों में शामिल हैं, जिन्होंने आप छोड़कर भाजपा का दामन थामा है।

**भाजपा ने आलोचना की:** भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बदले की राजनीति कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि पुलिस की कार्रवाई गलत प्राथमिकताओं को दर्शाती है। त्रिवेदी ने केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए कहा, जो लोग एक नई तरह की राजनीति करने का दावा करते हैं, उन्हें यह समझाना चाहिए कि उनके राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से कैसे ध्वस्त हो गई है।

भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आप पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाया है। पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने भी पाठक के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की आलोचना करते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया।

## तमिलनाडु: द्रमुक को जीत की उम्मीद

# स्टालिन की गठबंधन नेताओं से बात

**एजेंसी | चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को द्रमुक नीत गठबंधन के नेताओं के साथ हाल के विधानसभा चुनाव में जीत की संभावनाओं पर चर्चा की। इससे पहले उन्होंने अपनी पार्टी द्रमुक के वरिष्ठ नेताओं के साथ चार मई को होने वाली मतगणना को लेकर बैठक की और उनके संबंधित क्षेत्रों की जमीनी स्थिति पर चर्चा की।

इसके बाद, द्रमुक प्रमुख ने पार्टी मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागई और कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) के महासचिव ई आर ईश्वरन के साथ बैठक की।



द्रमुक सूत्रों ने बताया कि स्टालिन ने उनके निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना की निगरानी से संबंधित तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली। केएमडीके ने दो विधानसभा क्षेत्रों में द्रमुक के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ा है। गठबंधन के नेताओं के साथ स्टालिन की बैठक में पार्टी के उपमहासचिव ए राजा, संगठन सचिव आरएस भारती, संचार प्रकोष्ठ के प्रमुख टीकेएस एलंगोवन और सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के सचिव टीआरबी राजा भी उपस्थित थे।

**विद्यार्थियों के लिए सहायता केंद्र शुरू:** स्टालिन ने यहां 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कॉलेज में दाखिले में सहायता प्रदान करने के लिए सहायता केंद्र की शुरुआत की। तमिलनाडु में 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम आठ मई को घोषित किए जाने की उम्मीद है।

### नौसेना प्रमुख त्रिपाठी म्यांमार की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शनिवार को म्यांमार की चार दिवसीय यात्रा शुरू की, जिसका उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच अभियानगत स्तर पर समन्वय बढ़ाना और समुद्री सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के नए रास्ते तलाशना है। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि एडमिरल त्रिपाठी म्यांमार के सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी जनरल ये विन ऊ, रक्षा मंत्री जनरल यू ह्तुन आंग, नौसेना के प्रमुख एडमिरल ह्तीन विन और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

## यूपी के अंबेडकर नगर में सनसनीखेज वारदात

# चार बच्चों की हत्या, मां लापता

**बेधड़क | अयोध्या (उप्र)**

उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर में अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में कथित तौर पर एक ही परिवार के चार नाबालिग बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि मुरादाबाद उर्फ मीरानपुर मोहल्ले में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे चार मंजिला मकान में चार बच्चों के खून से लथपथ शव मिले। घटना के बाद से बच्चों की मां लापता है। पुलिस के मुताबिक, अज्ञात परिस्थितियों में बच्चों की ईंट से कुचलकर हत्या की गई तथा गले पर धारदार हथियार से वार के निशान भी मिले हैं। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।



पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्राची सिंह ने बताया कि मृतकों में 14, 12 और 10 साल के तीन लड़के और आठ साल की एक लड़की शामिल है। पुलिस के अनुसार मृत भाई-बहनों की पहचान शफीक, सऊद, उमर, और सादिया के रूप में हुई है। ये सभी नियाज (42) और नाजिया खातून (37) के बच्चे थे। नाजिया बच्चों के साथ मीरानपुर में रहती थी, जबकि नियाज कई साल से सऊदी अरब में काम कर रहा है।

अयोध्या परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सोमेन बर्मा ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली कि घर में चार बच्चों के शव हैं जिसके बाद पुलिस मौके पहुंची। उन्होंने कहा कि सुबह से घर बंद होने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी थी। पुलिस का कहना है कि बच्चों की मां नाजिया घटना के बाद से लापता है।

## लद्दाख में उमड़ रहे बौद्ध धर्मावलंबी

# बुद्ध के अवशेषों की प्रदर्शनी श्रद्धांजलि देने का मौका: मोदी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेह में 'तथागत के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी' के उद्घाटन की शनिवार को सराहना की और कहा कि लद्दाख के लोगों के लिए यह श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने दो दिवसीय लद्दाख दौरे के दौरान लेह में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लेह में 'तथागत के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी' का उद्घाटन होना अत्यंत प्रसन्नता की बात है। उन्होंने कहा कि ये पूजनीय अवशेष पिपरहवा स्तूप से जुड़े हैं और 19वीं सदी के अंतिम वर्षों में इन्हें निकाला गया था। ये भगवान बुद्ध की स्थायी शिक्षाओं का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि यह प्रदर्शनी 14 मई तक जारी रहेगी और आने वाले दिनों में जांस्कर में भी आयोजित की जाएगी। ज्ञात रहे कि तथागत बुद्ध के पिपरहवा अवशेष और गौतम बुद्ध से जुड़े अन्य प्राचीन पवित्र अवशेष एवं वस्तुएं बुधवार को लेह लाई गई थीं।



*लद्दाख में प्रदर्शित भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष।*

### डाक विभाग ने विशेष कवर जारी किया

इस बीच डाक विभाग के जम्मू-कश्मीर डाक सर्किल ने शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह में तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों की भव्य प्रदर्शनी के उपलक्ष्य में एक विशेष कवर जारी किया। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख प्रशासन द्वारा चोगलम्सर क्षेत्र के जीवत्सल में आयोजित समारोह में विशेष कवर का अनावरण किया गया। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने विशेष कवर का अनावरण किया और इस मौके पर लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में अखिल लद्दाख बौद्ध संघ और अखिल लद्दाख गोम्पा संघ के सहयोग से आयोजित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि भगवान बुद्ध के प्रामाणिक अवशेषों को 1898 में उत्तर प्रदेश के पिपरहवा स्तूप से प्राप्त किए जाने के बाद से पवित्र अवशेषों की यह प्रदर्शनी पहली बार आयोजित की जा रही है।

## मणिपुर में हिंसा का मामला

# 25 दिन बाद बच्चों के शव परिजनों को सौंपे

**एजेंसी | इंफाल।**

मणिपुर के विष्णुपुर जिले में पिछले महीने हुए धमाके में मारे गए दो बच्चों के शव शनिवार को उनके परिजनों को सौंप दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि परिवार ने दोषियों को यथा शीघ्र दंडित करने की मांग करते हुए शवों को लेने से इनकार कर दिया था, जिसकी वजह से पांच वर्षीय लड़के और उसकी छह महीने की बहन के शव गत 25 दिन से मुर्दाघर में रखे हुए थे।

विष्णुपुर जिले के ट्रोंगलाओबी में सात अप्रैल को हुए बम हमले में दो बच्चों की मौत हो गई थी। उनके शव इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के मुर्दाघर में रखे गए थे। घटना के कारण इंफाल घाटी के पांच जिलों में व्यापक हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए और बाद में यह मामला राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को सौंप दिया गया।

**23 अवैध बंकर नष्ट किए:** सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में मणिपुर के उखरुल जिले में अवैध रूप से निर्मित 23 बंकर नष्ट कर दिए है और तेंगनौपाल जिले में 18 आईईडी बरामद किए हैं।

## वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन: विनिर्माण क्षमता और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर जोर

# भारत वैश्विक संकटों को अवसरों में बदले: जेपी नड्डा

एजेंसी । सूरत

केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने शनिवार को कहा कि भारत को अपनी घरेलू ताकत बढ़ाने के लिए मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं को अवसरों में बदलना चाहिए। नड्डा ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विनिर्माण क्षमता, लचीलेपन और आत्मनिर्भरता बढ़ाने का आह्वान किया।

दक्षिण गुजरात के दो-दिवसीय 'वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि हालिया वैश्विक घटनाक्रम रणनीतिक निर्भरता कम करने और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। हालिया वैश्विक अनिश्चितता इस बात का संकेत है कि हमें संकटों को अवसरों में बदलना चाहिए। हमें क्षेत्रीय सम्मेलनों के माध्यम से अपने विनिर्माण क्षेत्रों पर अधिकतम ध्यान देना होगा। आर्थिक शक्ति केवल विकास के बारे में ही नहीं है, बल्कि यह लचीलेपन, आत्मनिर्भरता और रणनीतिक स्वायत्तता के बारे में भी है।



*वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा अन्य लोगों के साथ।*

### पहले उद्योगपतियों व राजनेताओं में था तालमेल का अभाव, संदेह करते थे

केंद्रीय मंत्री ने याद दिलाते हुए कहा कि 21वीं सदी की शुरुआत में उद्योगपतियों, राजनेताओं और नौकरशाहों के बीच तालमेल का अभाव था। उस समय लोग उद्योगपतियों को संदेह की दृष्टि से देखते थे और उनके मन में यह सवाल रहता था कि उनका छिपा हुआ उद्देश्य क्या है और वे सरकार से क्या लाभ लेना चाहते हैं। उस समय राजनेता और नौकरशाह अक्सर व्यवसायों के लिए बाधाएं पैदा करने के बारे में सोचते थे। नड्डा ने कहा कि 2003 में पहले वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन ने इस विचारधारा में आमूल-चूल परिवर्तन किया। वहां से एक नई विचार प्रक्रिया विकसित हुई, जिसमें संवाद, चर्चा, निवेश, सहमति पत्रों, बाधाओं को दूर करने और मिलकर काम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### अधिक निर्माण और नवाचार पर जोर

नड्डा ने जोर देकर कहा कि भारत को देश के भीतर अधिक निर्माण और नवाचार करना चाहिए, ताकि महत्वपूर्ण कमजोरियों को कम किया जा सके। 2047 तक विकसित भारत की राह के लिए निरंतर उच्च विकास दर, गहरी औद्योगिक क्षमता, निर्यात का विस्तार और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के साथ मजबूत एकीकरण आवश्यक है। उन्होंने आपूर्ति शृंखला में व्यवधान, प्रौद्योगिकी नियंत्रण और संसाधन अवरोधों जैसे मुद्दों को हल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

---

### जीएमसी की छेरिंग भूटिया गंगटोक की महापौर निर्वाचित



**गंगटोक।** गंगटोक नगर निगम (जीएमसी) के नवनिर्वाचित पार्षदों ने शनिवार को सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) की छेरिंग पाल्देन भूटिया को महापौर और सारा लामा को उप-महापौर चुना। इससे पहले दिन में गंगटोक के जिलाधिकारी ने शनिवार को जीएमसी के नवनिर्वाचित पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर निगम चुनाव 24 अप्रैल को हुए थे तथा इसके परिणाम 25 अप्रैल को घोषित किए गए थे। हालांकि, विपक्षी दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था।

### जबलपुर क्रूज हादसा : दो और बच्चों के शव मिले

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में दो दिन पहले हुई क्रूज नाव दुर्घटना में शनिवार शाम दो और बच्चों के शव मिलने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई, जबकि दो लोग अब भी लापता हैं। एसडीपीओ अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि विराज सोनी (6) और तमिल (5) के शव शनिवार को बरामद किए गए। तमिल के पिता कामराज व उनका भतीजा मयूरम (5) अब भी लापता हैं।

### दिल्ली के न्यायिक अधिकारी ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली।** दिल्ली न्यायिक सेवा के एक अधिकारी ने यहां सफदरजंग इलाके में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, मृतक की पहचान अमन कुमार शर्मा के रूप में हुई है और संदेह है कि उन्होंने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

## अमेरिका की जहाजरानी कंपनियों को चेतावनी

# होर्मुज से आवाजाही के लिए शुल्क दिया तो लगेगा प्रतिबंध

एजेंसी । वाशिंगटन/बेरूत

अमेरिका ने जहाजरानी कंपनियों को चेतावनी दी है कि होर्मुज से सुरक्षित रूप से गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करने पर उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण को लेकर अमेरिका और ईरान के मध्य जारी टकराव के बीच अमेरिकी विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय द्वारा दी गई चेतावनी ने दबाव और बढ़ा दिया है। ज्ञात रहे कि आम तौर पर शांति के समय दुनिया के तेल और प्राकृतिक गैस के व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। ओएएफसी के अनुसार, भुगतान की मांगों में केवल नकद ही नहीं, बल्कि डिजिटल परिसंपत्तियां, समायोजन, अनौपचारिक अदला-बदली या अन्य प्रकार के वस्तु-आधारित भुगतान भी शामिल हो सकते हैं, जिनमें परमार्थ दान और ईरानी दूतावासों में किए जाने वाले भुगतान भी शामिल हैं। अमेरिकी मध्य कमान ने कहा कि नाकाबंदी शुरू होने के बाद से 45 वाणिज्यिक जहाजों को वापस जाने को कहा गया है।



### ईरानी तेल आयात करने पर चीन के तेल टर्मिनल संचालक पर बैन

अमेरिका ने चीन स्थित एक कच्चे तेल टर्मिनल संचालक पर ईरानी संस्थाओं से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात करने पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ईरान के अवैध तेल व्यापार को बाधित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई कर रहा है। यह व्यापार ईरानी शासन की आय का मुख्य स्रोत है, जिससे आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता को वित्तीय मदद मिलती है। पिगॉट ने कहा कि मंत्रालय ने ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार में शामिल कई संस्थाओं, एक व्यक्ति और एक पोत पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका ने चीनी नागरिक और क्विंगदाओ हाइये के अध्यक्ष शिंगचुन ली तथा दो पोत प्रबंधन कंपनियों- ब्रिटेन स्थित थ्राइविंग टाइम्स इंटरनेशनल और हांगकांग स्थित ऑनबोर्ड शिप मैनेजमेंट लिमिटेड पर भी प्रतिबंध लगाए हैं।

### हमलों के दौरान बचे बमों में विस्फोट से 14 ईरानी सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** ईरान-अमेरिका युद्ध के दौरान किए गए हमलों में बचे बमों में विस्फोट हो जाने पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजी) के 14 सदस्य मारे गए। ईरान की सुरक्षा एजेंसियों के करीबी माने जाने वाली वेबसाइट 'नूरन्यूज' की खबर के अनुसार, यह विस्फोट तेहरान के उत्तर-पश्चिम में स्थित जंजन शहर के पास हुआ।

## जर्मनी से 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा US

एजेंसी । बर्लिन

अमेरिका अगले छह से बारह महीनों में जर्मनी से अपने करीब 5,000 सैनिकों को वापस बुलाएगा। वहीं, जर्मनी के रक्षा मंत्री ने कहा कि सैनिकों की संख्या में कटौती की उम्मीद पहले से ही थी। उन्होंने यूरोप में अमेरिकी सैनिकों की लंबे समय से चली आ रही तैनाती के पारस्परिक लाभ पर जोर दिया। अमेरिका के रक्षा मुख्यालय पेंटागन के प्रवक्ता शॉन पार्नेल ने वाशिंगटन में एक बयान में कहा कि यह निर्णय यूरोप में विभाग की सैन्य स्थिति की गहन समीक्षा के बाद लिया गया है और यह युद्ध क्षेत्र की आवश्यकताओं और जमीनी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। ज्ञात रहे कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी जर्मनी से कुछ सैनिकों को वापस बुलाने की उस समय धमकी दी थी, जब जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा था कि ईरानी नेतृत्व द्वारा अमेरिका को अपमानित किया जा रहा है।

## हत्या के मामले में पाए गए थे दोषी

# कर्नाटक: कांग्रेस MLA कुलकर्णी अयोग्य घोषित

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा ने भाजपा नेता योगेशगौड़ा गौदर की हत्या के मामले में दोषी पाए जाने के बाद कांग्रेस विधायक विनय कुलकर्णी की अयोग्यता के संबंध में शनिवार को एक अधिसूचना जारी की। पूर्व मंत्री इस मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। अधिसूचना में कहा गया कि कर्नाटक के धारवाड़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले विनय कुलकर्णी को दोषसिद्धि की तिथि, यानी 15 अप्रैल, 2026 से कर्नाटक विधानसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित किया जाता है। यह अयोग्यता उनकी रिहाई के बाद छह वर्षों तक जारी रहेगी, बशर्ते कि किसी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर रोक न लगा दी जाए। अधिसूचना में कहा गया कि इस प्रकार कर्नाटक विधानसभा की एक सीट रिक्त हो गई है। गत 15 अप्रैल को न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने कुलकर्णी और अन्य को आपराधिक साजिश तथा हत्या का दोषी ठहराया था। 17 अप्रैल को अदालत ने कुलकर्णी और इस मामले में दोषी ठहराए गए 15 अन्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### हिमाचल: शिंकुला बना पर्यटकों का आकर्षण



*मैदानी इलाकों में लगातार बढ़ते तापमान के बीच अब सैलानियों का रुख हिमाचल प्रदेश की ओर तेजी से बढ़ रहा है। खासतौर पर शिंकुला दर्रा और इसके आसपास के बर्फीले इलाकों में इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं और बर्फ का आनंद ले रहे हैं। चित्र में नयनाभिराम शिंकुला पहुंचे सैलानी।*

## कर्मयोगी पुरस्कार समारोह में बोले भागवत-

# आदिवासियों ने देश की पहचान को कायम रखा

एजेंसी । मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत ने शनिवार को कहा कि विदेशी आक्रमणों और कठिनाइयों के बावजूद आदिवासी समुदायों तथा अनुसूचित जातियों ने देश की पहचान और आत्मा को सहेजकर रखा। उन्होंने इन समुदायों को मुख्यधारा की विकास प्रक्रिया में एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने की बात भी कही कि उन्हें सेवाओं और सुविधाओं तक समान पहुंच प्राप्त हो।

भागवत यहां कर्मयोगी पुरस्कार समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन दुनिया को कुछ वापस देना होता है, क्योंकि हम सभी एक महान परिवार का हिस्सा हैं। एक व्यक्ति समाज की बेहतरी के लिए काम करता है, उपकार के तौर पर नहीं, बल्कि कर्तव्य के रूप में। दूसरों की सेवा करके हम अपना विकास करते हैं। दूसरों को आगे बढ़ने में मदद करके हम स्वयं को उन्नत करते हैं और एक बेहतर इंसान बनते हैं। यह सिद्धांत इस भारतीय भूमि का मूल मूल्य है, जिसे आमतौर पर हिंदू समाज के रूप में जाना जाता है। भागवत ने कहा, यह समाज का वह चिरस्थायी लोकाचार है, जो हजारों वर्षों से कायम है। विदेशी आक्रमणकारियों ने देखा कि यही लोकाचार, समाज का यही मूल्य इसकी आत्मा है और इसे बनाए रखने की कुंजी है, इसलिए विदेशी आक्रमणकारियों ने इस आत्मा को संरक्षित करने वालों को जड़ से उखाड़ फेंकने का प्रयास किया और इस कारण उन लोगों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



### सुदृढ़ भारत ही बन सकता है विश्व का आधार

वैश्विक घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि जिस तरह से दुनिया इस समय डांवाडोल हो रही है, वैश्विक उथल-पुथल मची है, ऐसे में सुदृढ़ और संबल भारत ही विश्व का आधार बन सकता है। उन्होंने कहा कि देश को न केवल अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए बल्कि विश्व को भी समर्थन देना चाहिए। विश्व को यह दिखना चाहिए कि देश न केवल अपनी समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि विश्व को भी इसी तरह की समस्याओं से निपटने में मदद कर रहा है। भागवत ने कहा कि तथाकथित शिक्षित और विकसित वर्ग समय के साथ इन समुदायों से दूर हो गए। उन्होंने इस खाई को पाटने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन समुदायों द्वारा संरक्षित पहचान भारतीय समाज की सच्ची पहचान का प्रतिनिधित्व करती है और इस बात पर जोर दिया कि पहचान के बिना अस्तित्व ही खतरे में होता है।

---

## पॉलिटिकल पॉप कॉर्न



### मोदी का 'गोल' और विपक्ष का 'सेल्फ गोल'!

#### मैदान फुटबॉल का, खिलाड़ी सियासत के, मोदी ने मारा ऐसा शॉट कि उड़ गए सबके छक्के!

दो दिन से दिल्ली के गलियारों में चर्चा इस बात की है कि पीएम मोदी ने चुनाव के आखिरी दौर में 'फुटबॉल' को अपना सबसे बड़ा चुनावी हथियार बना लिया। चर्चा है कि नॉर्थ-ईस्ट (पूर्वोत्तर) के राज्यों में जहां फुटबॉल महज एक खेल नहीं बल्कि 'धर्म' है, मोदी ने वहां के युवाओं के दिल में सीधे 'पेनल्टी शूटआउट' जैसा असर किया है। चर्चा है कि उन्होंने मणिपुर और मेघालय जैसे राज्यों में फुटबॉल इंफ्रास्ट्रक्चर के बहाने 'विकास का गोल' दागा है। पश्चिम बंगाल की बात करें तो वहां 'मोहन बागान' और 'ईस्ट बंगाल' क्लबों की जंग जगजाहिर है। मोदी ने बड़ी चतुराई से बंगाल के इस 'फुटबॉल प्रेम' को 'नेशनलिज्म' से जोड़ दिया। बंगाल के बड़े फुटबॉल क्लबों के समर्थकों के बीच मोदी की इस "स्पोर्ट्स डिप्लोमेसी" ने ममता दीदी के 'खेला होबे' वाले नारे को बैकफुट पर धकेल दिया है बाबू मोशाय!



### अन्नामलाई का 'सिंघम' अवतार!

#### चेन्नई के समंदर से उठे, अब दिल्ली की यमुना में गोता लगाएंगे!

तमिलनाडु के अन्नामलाई के बारे में कल शाम दिल्ली के पॉलिटिकल ब्लॉक्स में बड़ी चर्चा रही। चर्चा है कि अगर तमिलनाडु में बीजेपी को दो अंकों में सीटें मिलीं तो अन्नामलाई को सीधा राज्यमंत्री बनाया जा सकता है। चर्चा है कि अन्नामलाई ने दिल्ली में अपने रहने के लिए एक बंगले का मुआयना भी करवा लिया है। द्रविड़ राजनीति के सूरमा अब 'सिंघम' के दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। वैसे खुद सिंघम के नजदीक रहने वाले सूत्रों की मानें तो सिंघम राजतिलक की तैयारी कर रहे हैं। उन्हें विश्वास है कि अभिनेता के साथ उनकी जोड़ी जम जाएगी। डॉन्ट वरी बी हैप्पी 4 मई को सब साफ हो जाएगा!



### राहुल गांधी का 'सीक्रेट' सूटकेस!

#### हाथ की लकीरें धुंधली पड़ीं, तो 'युवराज' ने 'हवाई' सफर की तैयारी कर ली!

कांग्रेस के गलियारों में कल शाम 4 मई के नतीजों से ज्यादा राहुल गांधी के अगले 'डेस्टिनेशन' की चर्चा रही। सियासी गलियारों में अंदरखाने चर्चा है कि राहुल गांधी ने नतीजे आने से पहले ही एक यूरोपीय देश का चार्टर्ड प्लेन बुक कराने का संकेत दिया है। चर्चा है कि प्रियंका गांधी इस बार नतीजों के बाद प्रेस को संबोधित करेंगी, जबकि राहुल 'आत्मचिंतन' के लिए पहाड़ों या विदेश की ओर रुख करेंगे। कांग्रेस मुख्यालय में आज शाम चाय ठंडी हो गई, लेकिन राहुल के 'अगले मूव' पर सस्पेंस गरमाया रहा और कार्यकर्ता अपने-अपने हिसाब से आकलन लगाते रहे!



### 4 मई का 'महाभोज' या 'महामौन'!

#### हलवाई तैयार है, बस ये देखना है कि कौन खाएगा और कौन खिलाएगा!

आज शाम लुटियंस दिल्ली के बड़े होटलों में दो तरह के ऑर्डर बुक हुए हैं। गॉसिप है कि पक्ष वाली पार्टी ने 'लड्डू' और 'मिठाई' का भारी ऑर्डर दिया है, जबकि विपक्षी गठबंधन ने 'ढाबा स्टाइल' खाने का आर्डर दिया है ताकि अगर हार हुई तो सादगी का परिचय दिया जा सके। चर्चा है कि कुछ निर्दलीय विधायकों ने तो दिल्ली के बड़े होटलों में कमरे बुक कर लिए हैं ताकि 4 मई की शाम को 'बोली' लग सके। सब छोड़िए भाई साहब 4 मई को पता चल जाएगा कौन 'रोसगुल्ला' खाएगा?



### लुटियंस दिल्ली का 'प्री-रिजल्ट' डिनर!

#### पेट में भूख नहीं, नतीजों का डर है, हर नेता अब 'एग्जिट पोल' का मुसाफिर है!

कल शाम लुटियंस दिल्ली के एक कद्दावर नेता के घर पर 'लो-प्रोफाइल' डिनर की चर्चा आज जोरों पर है। बताते हैं कि वहां मेन्यू में खाने से ज्यादा 4 मई के नतीजों के बाद बनने वाली 'नई कैबिनेट' के नामों पर चर्चा हुई। चर्चा तो यह भी है कि डिनर टेबल पर मौजूद कुछ 'भारी-भरकम' मंत्रियों को इस बार अपनी प्लेट से ज्यादा अपनी कुर्सी खिसकने का डर सता रहा था, एक रसूखदार मंत्री ने तो स्वाद-स्वाद में यह तक पूछ लिया कि क्या इस बार 'रिटायरमेंट' का नया फॉर्मूला तैयार हो चुका है? इस बंगले के बाहर खड़े ड्राइवरों के बीच भी यही कानाफूसी थी कि साहब का सामान 4 मई के बाद दिल्ली में रहेगा या वापस 'गृह राज्य' जाएगा। डिनर खत्म होते-होते यह बात भी छनकर आई कि अगली कैबिनेट में कई युवा चेहरों को 'स्ट्राइकर' बनाकर मैदान में उतारा जा सकता है! कुल मिलाकर उस शाम पनीर की सब्जी से ज्यादा 'पोर्टफोलियो' की अदला-बदली की खुशबू हवा में तैर रही थी!

संकलन: संदीप मिश्रा

## खेल हलचल

### अंशु अंडर-19 एलीट बॉयज कैंप के मुख्य कोच नियुक्त



**जयपुर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) ने आगामी अंडर-19 एलीट बॉयज कैंप के लिए अंशु जैन को मुख्य कोच नियुक्त किया है। इसके साथ ही वह इस कैंप में बल्लेबाजी इकाई की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। यह कैंप 11 मई से 9 जून तक रंगपो, सिक्किम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें उत्तर-पूर्वी भारत के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी भाग लेंगे। जैन वर्तमान में राजस्थान रणजी टीम के मुख्य कोच हैं और नॉर्थ जोन टीम का भी सफलतापूर्वक नेतृत्व कर चुके हैं, ने हाल ही में नॉर्थ जोन टीम को प्रतिष्ठित विजी ट्रॉफी का खिताब जिताया है। उनका अनुभव और खिलाड़ियों के विकास में उनकी विशेषज्ञता इस कैंप के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी।

### जिंक फुटबाल अकादमी चैंपियन

**जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल संघ और पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के सयुंक्त तत्वावधान में जारी आर लीग ए डिविजन प्रतियोगिता के आज लास्ट मैच खेला गया। आर लीग के अंतिम मैच में ए एस एल फुटबाल



क्लब ने जेरठी फुटबॉल क्लब को एकतरफा मैच में 4-0 से हराया, जिसमें ए एस एल फुटबाल क्लब की ओर से अमित ने हैट्रिक सहित (15, 27, 42, 57) मिनट में चार गोल किए। संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि 20 मार्च से शुरू हुई आर लीग 1 महीना 10 दिन चली। राजस्थान के सभी जिलों के अच्छे खिलाड़ियों ने क्लबों में खेल कर अपना प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि इस लीग से आरयूफसी विजेता होकर आज इंडियन फुटबॉल लीग खेल रही है। अब इस साल जिंक एकेडमी भी आई लीग थर्ड डिवीजन खेल रही है। पिछले साल भी जिंक एकेडमी आर लीग की विजेता रही थीं। उनके मैच मणिपुर में चल रहे हैं और अब जिंक अगले साल के लिए भी क्वालीफाई हो चुकी है। बीकानेर में 27जून को राजस्थान फुटबाल संघ द्वारा वार्षिक उत्सव पर विजेता और उप विजेता टीमों को ट्राफियां दी जाएगी।

### आरती अंडर-15 महिला हाई परफॉर्मेंस प्रशिक्षण शिविर में

**जयपुर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की राष्ट्रीय अंडर-15 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली



राजस्थान की प्रतिभाशाली खिलाड़ी आरती बिश्नोई का चयन बीसीसीआई के ऑल इंडिया महिला चयन समिति द्वारा किया गया है। उन्हें बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित होने वाले अंडर-15 महिला हाई परफॉर्मेंस प्रशिक्षण शिविर के लिए चुना गया है। यह शिविर 18 मई से 11 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से चुनी गई प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगी।

**महिला टी20 विश्व कप: भारत की टीम घोषित... हरमनप्रीत कप्तान, मंधाना उप-कप्तान**

# प्रतिका-हरलीन बाहर... अमनजोत चोटिल, यास्तिका-नंदिनी को मौका

एजेंसी | मुंबई

भारत ने इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में 'अनकैप्ड' तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया को शामिल किया गया है। वहीं प्रतिका रावल और हरलीन देओल को बाहर रखा गया है, जबकि ऑलराउंडर अमनजोत कौर और काशवी गौतम चोट के कारण चयन से चूक गईं। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना को उप-कप्तान बनाया गया है। चयनकर्ताओं ने प्रतिका की जगह यास्तिका के अनुभव और विकेटकीपिंग कौशल को तरजीह दी।



नंदिनी शर्मा।



यास्तिका।

### टीम में अतिरिक्त गेंदबाज शामिल

मुख्य चयनकर्ता अमिता शर्मा ने कहा कि टीम संयोजन को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने माना कि दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गेंदबाजी कमजोर रही थी, इसलिए इस बार टीम में अतिरिक्त गेंदबाज शामिल किए गए हैं ताकि शुरुआती विकेट हासिल किए जा सकें। नंदिनी शर्मा ने महिला प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मैचों में 17 विकेट लिए थे। उनकी हालिया फॉर्म को देखते हुए टीम में मौका दिया गया है। अमनजोत कौर की गैरमौजूदगी टीम के लिए बड़ा झटका है। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि वह अगले 4-5 महीनों तक टीम से बाहर रहेंगी और उनकी जगह भरना आसान नहीं होगा।

### भारत का पहला मैच पाक से 14 जून को

बल्लेबाजी क्रम में मंधाना, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स शीर्ष क्रम संभालेंगी, जबकि भारती फुलमाली, ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा फिनिशर की भूमिका निभाएंगी। स्पिन विभाग में दीप्ति के साथ श्रेयंका पाटिल और राधा यादव शामिल हैं। भारत अपना अभियान 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से शुरू करेगा, जबकि फाइनल 5 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। टीम विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज भी खेलेगी।

### भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरणी, यास्तिका भाटिया (दूसरी विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव।

**आईपीएल: सीएसके ने एमआई को 8 विकेट से रौंदा**

# जयपुर के कार्तिक का जलवा

एजेंसी | चेन्नई

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के नाबाद 67 और राजस्थान के कार्तिक शर्मा के नाबाद 54 रन और दोनों के बीच 98 रनों की साझेदारी की बदौलत चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल मुकाबले में शनिवार को मुंबई इंडियंस को आठ विकेट से रौंद दिया। मुंबई इंडियंस ने सात विकेट पर 159 रन बनाए। जवाबी पारी में सीएसके ने 18.1 ओवर में 160 रन बनाए। सीएसके के 62 पर दो विकेट गिरने के बाद गायकवाड़ और पावरप्ले के आखिरी ओवर में दूसरा विकेट गंवाने के बाद चेन्नई ने मुकेश चौधरी की जगह कार्तिक शर्मा को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया और उन्होंने इसे जस्टीफाइड करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गायकवाड़ ने अपनी अविजित पारी में 5 चौके और 2 छक्के जड़े। जबकि कार्तिक ने अपनी 54 रन की पारी में 4 चौके व 3 छक्के जड़े। जसप्रीत बुमराह और गजनफर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पूर्व टीम की इस सफलता में अफगानिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद (26 रन देकर दो विकेट) और अंशुल कंबोज (32 रन देकर तीन विकेट) की अहम भूमिका रही। रामकृष्ण घोष और जैमी ओवरटन ने एक-एक विकेट लिए। मुंबई की शुरुआत धीमी रही। हालांकि नमन धीर ने 37 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की। रेयान रिकल्टन ने भी 37 रन का योगदान दिया, जबकि सूर्यकुमार यादव 21 रन ही बना सके। कप्तान हार्दिक पांड्या 23 गेंदों में 18 रन बनाकर संघर्ष करते नजर आए।

मुकेश चौधरी ने शुरुआत में ही दबाव बनाया, जबकि पदार्पण कर रहे रामकृष्ण घोष ने भी प्रभावित किया और एक शानदार कैच पकड़कर चर्चा बटोरी।



### सैमसन जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके

दूसरे ओवर में चेन्नई ने पहला ओवर विकेट गंवा दिया। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की आखिरी बॉल पर संजू सैमसन को रायन रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। इस ओवर की पहली बॉल पर विल जैक्स से सैमसन का कैच ड्रॉप हुआ था, लेकिन सैमसन इसका फायदा नहीं उठा सके। इस ओवर से 6 रन आए।

**...ताकि IPL की छवि पर बुरा असर नहीं पड़े**

## टीमों को अनुशासन बनाए रखना होगा: सैकिया

एजेंसी | मुंबई



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए सभी टीमों, खिलाड़ियों और अधिकारियों को सख्त अनुशासन का पालन करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाली टीमों पर नियंत्रण के लिए बोर्ड और कड़े कदम उठाने पर विचार कर रहा है। सैकिया की यह टिप्पणी राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग और टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर हाल ही में लगे जुर्माने के बाद आई है। पराग पर 'वेपिंग' करते हुए पकड़े जाने पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि भिंडर पर डगआउट में मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के कारण एक लाख रुपए का दंड लगा। सैकिया ने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि टीम की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे आचरण संहिता का पालन करें, ताकि आईपीएल की छवि पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। उन्होंने संकेत दिया कि बीसीसीआई नियमों और प्रोटोकॉल को और सख्त करने की दिशा में काम कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि आईपीएल प्लेऑफ और फाइनल के स्थलों की घोषणा अगले दो दिनों में कर दी जाएगी। 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम पर भी फिलहाल किसी टीम ने आपत्ति नहीं जताई है।

# बिजनेस बेधड़क



| सर्राफा | सोना शुद्ध | जेवराती सोना | चांदी |
|---|---|---|---|
| | 1,53,500 (+500) | 1,43,500 (+400) | 2,53,000 (+6,000) |

## जरूरी खबर

### एक्सिस बैंक की पहली डिजिटल लॉकर शाखा शुरू

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के बैंक एक्सिस बैंक ने शनिवार को देश की पहली डिजिटल लॉकर-केंद्रित शाखा का उद्घाटन किया। यह पहल सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं को नए स्तर पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। शाखा का उद्घाटन वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी और कार्यकारी निदेशक मुनीश शारदा की उपस्थिति में किया। इस शाखा में उन्नत स्वचालन, उच्च स्तरीय सुरक्षा और अत्याधुनिक लॉकर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे ग्राहकों को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव मिलेगा। देश में सुरक्षित लॉकर की मांग के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है।

### डिजिटल सुधारों से छोटे उद्योगों को मिला सीधा लाभ

**वाशिंगटन।** भारत में लोक प्रशासन में किए गए डिजिटल सुधारों ने सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) की उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) के शोध में यह सामने आया है। जिन राज्यों ने सरकारी प्रक्रियाओं को तेजी से डिजिटल किया, वहां छोटे उद्योगों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और कंपनियों के बीच का अंतर भी कम हुआ। भारत का एमएसएमई क्षेत्र विनिर्माण में करीब 35% योगदान देता है, लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार देता है और निर्यात में लगभग 45% हिस्सेदारी रखता है।

**बीमा सेक्टर में 100% FDI को मंजूरी, विदेशी निवेश का रास्ता खुला**

# एलआईसी में 20 प्रतिशत की सीमा बरकरार, इंटरमीडियरीज को फायदा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बीमा क्षेत्र में बड़ा आर्थिक सुधार करते हुए 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब विदेशी निवेशक ऑटोमैटिक रूट के जरिए भारतीय बीमा कंपनियों में पूरी हिस्सेदारी तक निवेश कर सकेंगे। हालांकि भारतीय जीवन बीमा निगम में विदेशी निवेश की सीमा 20 प्रतिशत ही रखी गई है।

**LIC के लिए अलग और सख्त प्रावधान:** सरकार ने साफ किया है कि LIC में विदेशी निवेश की सीमा केवल 20 प्रतिशत ही रहेगी। यह निवेश LIC अधिनियम 1956 और बीमा अधिनियम 1938 के सख्त नियमों के तहत होगा। यानी LIC को अन्य बीमा कंपनियों से अलग सुरक्षा ढांचा दिया गया है ताकि इसकी राष्ट्रीय भूमिका और संरचना सुरक्षित रहे।




### बीमा सेक्टर में ऐतिहासिक बदलाव

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बीमा क्षेत्र में निवेश अब बीमा अधिनियम-1938 के प्रावधानों के तहत होगा। इसके साथ ही कंपनियों को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। यह नियम बीमा कंपनियों, ब्रोकरों और अन्य सभी संबंधित संस्थाओं पर लागू होंगे। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी बीमा कंपनी के शीर्ष पदों-चेयरपर्सन, मैनेजिंग डायरेक्टर या सीईओ-में से कम से कम एक व्यक्ति भारतीय नागरिक होना अनिवार्य होगा।

### निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

नए नियमों के तहत इंश्योरेंस ब्रोकर्स, री-इंश्योरेंस ब्रोकर्स, इंश्योरेंस कंसल्टेंट्स, कॉर्पोरेट एजेंट्स, थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर, सर्वेयर, लॉस असेसर और इंश्योरेंस रिपॉजिटरी जैसी संस्थाओं में भी 100% FDI को ऑटोमैटिक रूट से मंजूरी दी गई है। इससे इस क्षेत्र में निवेश, तकनीक और रोजगार के अवसरों में तेज वृद्धि की उम्मीद है।

### पारदर्शिता और नियंत्रण पर जोर

सरकार ने स्पष्ट किया है कि विदेशी निवेश के बावजूद बीमा क्षेत्र में भारतीय नियंत्रण और नियामक निगरानी मजबूत रहेगी। सभी निवेश पारदर्शी ढांचे और नियामक मानकों के तहत ही किए जाएंगे।

### सीमावर्ती देशों से निवेश आसान

सरकार ने मार्च 2026 में सीमावर्ती देशों से आने वाले FDI नियमों को भी सरल बनाया है। अब 10 प्रतिशत तक की गैर-नियंत्रणकारी हिस्सेदारी के लिए सरकारी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी।

### नीति निर्माण और बदलाव की पूरी प्रक्रिया

यह बड़ा बदलाव "सबका बीमा, सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025" के बाद आया है, जिसे दिसंबर 2025 में संसद ने पारित किया था। इसके बाद राष्ट्रपति की मंजूरी से यह कानून बना। फरवरी 2026 में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत DPIIT ने इसे अधिसूचित किया और अब इसे लागू कर दिया गया है।

## बाजार हलचल

### कोटक महिंद्रा बैंक का चौथी तिमाही में लाभ 10% बढ़ा

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 5,423 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। बैंक के अनुसार यह वृद्धि प्रावधानों में कमी और मजबूत शुद्ध ब्याज आय के कारण दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 4,933 करोड़ रुपए था। वहीं, एकल आधार पर बैंक का लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 4,027 करोड़ रुपए हो गया। समीक्षाधीन अवधि में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (NII) 8 प्रतिशत बढ़कर 7,876 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले 7,284 करोड़ रुपए थी। इससे बैंक की मुख्य बैंकिंग गतिविधियों में मजबूती का संकेत मिलता है। इस दौरान बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिला।

### टीवीएस मोटर की अप्रैल बिक्री 7% बढ़कर 4.73 लाख इकाई


**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने अप्रैल 2026 में कुल बिक्री में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी की कुल बिक्री बढ़कर 4,73,970 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 4,43,716 इकाई थी। कंपनी के अनुसार, दोपहिया वाहनों की बिक्री 6 प्रतिशत बढ़कर 4,55,333 इकाई रही। घरेलू बाजार में भी 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बिक्री 3,48,545 इकाई तक पहुंच गई। हालांकि मोटरसाइकिल बिक्री घटकर 2,00,039 इकाई रही, लेकिन स्कूटर सेगमेंट में मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला, जहां बिक्री 24 प्रतिशत बढ़कर 2,11,158 इकाई हो गई। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में भी 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह 37,771 इकाई रही। तीन-पहिया वाहनों की बिक्री 37 प्रतिशत बढ़कर 18,637 इकाई पहुंच गई। कंपनी का अंतरराष्ट्रीय कारोबार भी 3% बढ़कर 1,20,008 इकाई रहा।

**संचालन तत्काल प्रभाव से बंद... सभी उड़ानें रद्द, कारोबार बंद करने की घोषणा**

# स्पिरिट एयरलाइंस का 34 साल का सफर खत्म

एजेंसी | वेस्ट पाम बीच

अमेरिका की किफायती विमानन सेवा प्रदाता स्पिरिट एयरलाइंस ने 34 वर्षों के बाद अपने कारोबार को पूरी तरह बंद करने की घोषणा कर दी है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसने तत्काल प्रभाव से अपने सभी संचालन को व्यवस्थित रूप से बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एयरलाइन ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि अब सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और ग्राहक सेवा भी उपलब्ध नहीं रहेगी। चमकीले पीले रंग के




विमानों और बेहद सस्ती टिकटों के लिए जानी जाने वाली यह कंपनी लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रही थी। स्पिरिट एयरलाइंस में लगभग 17,000 कर्मचारी कार्यरत थे। कंपनी के बंद होने से इन सभी नौकरियों पर सीधा असर पड़ेगा। एयरलाइन के अनुसार यात्रियों को टिकट का पैसा वापस किया जाएगा, लेकिन दूसरी एयरलाइन में बुकिंग के लिए सहायता नहीं दी जाएगी।

### वित्तीय संकट और दिवालिया प्रक्रिया

कोविड-19 महामारी के बाद से कंपनी लगातार घाटे में चल रही थी। बढ़ती परिचालन लागत और कर्ज ने स्थिति और बिगाड़ दी। नवंबर 2024 में कंपनी ने पहली बार 'चैप्टर 11' दिवालिया संरक्षण के लिए आवेदन किया था। तब तक उसे 2.5 अरब डॉलर से अधिक का घाटा हो चुका था। अगस्त 2025 में कंपनी ने फिर से दिवालिया संरक्षण लिया और उस समय उस पर 8.1 अरब डॉलर का भारी कर्ज था।

### ईंधन की बढ़ती कीमतों ने बढ़ाई मुश्किलें

हाल के समय में ईरान युद्ध के कारण विमान ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने भी कंपनी की मुश्किलें बढ़ा दीं। लगातार वित्तीय दबाव और कर्ज के बोझ के चलते कंपनी दो साल से भी कम समय में दूसरी बार दिवालिया प्रक्रिया में पहुंच गई। शुक्रवार को सरकार की ओर से वित्तीय पैकेज न मिलने के बाद कंपनी के बंद होने की आशंका और बढ़ गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी संकेत दिया था कि एयरलाइन को बचाने के प्रयास असफल रहे।

### आर्थिक संकट रहा बड़ा कारण

स्पिरिट एयरलाइंस ने बयान में कहा कि उसे अपने "अति-निम्न लागत मॉडल" पर गर्व है और उसने पिछले तीन दशकों में विमानन उद्योग को नई दिशा देने का काम किया। हालांकि आर्थिक संकटों ने एयरलाइन के 34 साल लंबे सफर को समाप्त कर दिया।

### मल्टी लेयर पेपर बोर्ड: न्यूनतम आयात मूल्य का समय बढ़ाया

एजेंसी | नई दिल्ली

सरकार ने 'वर्जिन मल्टी लेयर पेपर बोर्ड (वीपीबी)' के आयात पर लागू न्यूनतम आयात मूल्य को 30 सितंबर, 2026 तक बढ़ा दिया है। यह जानकारी विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना में दी गई है। अधिसूचना के अनुसार इस उत्पाद का न्यूनतम आयात मूल्य लागत, बीमा और माल भाड़ा के आधार पर 67,220 रुपये प्रति टन निर्धारित किया गया है, जिसे अब निर्धारित अवधि तक लागू रखा जाएगा। सरकार ने यह एमआईपी पहली बार अगस्त 2025 में लागू किया था।

## सुबोध गर्ल्स कॉलेज में मनाया वार्षिकोत्सव 'पिनेकल-2026'

# बदलते परिवेश में सबला बनकर देशहित में योगदान दें बालिकाएं

**बेधड़क** | जयपुर

रामबाग स्थित सुबोध गर्ल्स कॉलेज में वार्षिकोत्सव 'पिनेकल-2026' में विभिन्न संस्कृतियों के समागम की झलक क्षेत्रीय नृत्यों से दिखाई दी। इस अवसर पर सिविल व अन्य राजकीय सेवाओं में चयनित करीब 50 छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने छात्राओं को पुरस्कृत कर बदलते परिवेश में सबला बनकर देशहित में योगदान देने की बात कही। उन्होंने छात्र जीवन को स्वर्णिम व सृजनात्मक काल बताते हुए अनुशासित होकर लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर कार्यशील रहने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि अल्पा चौधरी, आयुक्त भू-प्रबंध विभाग, मेजर नीति बंसल व विशेष अतिथि विक्रम पुरुषार्थी ने एक सुर में नारी के पुरातन वैभव की पुनर्स्थापना पर बल दिया और हर परिस्थिति में अपने मनोबल व प्रयासों को बुलंद रखने की बात कही।



पुरस्कृत छात्राओं के साथ वासुदेव देवनानी।

### बेटियां बनेंगी दूसरों के लिए प्रेरणा

सुबोध शिक्षा समिति अध्यक्ष नवरतन कोठारी ने कहा कि 'हम केवल किताबें ही नहीं पढ़ाते, हौसले गढ़ते हैं। आज पुरस्कार पाने वाली हर छात्रा की कल एक सशक्त कहानी होगी।' वहीं मानद सचिव एसएस बोथरा ने कहा कि आज जिन बेटियों को मंच पर सम्मान दिया जा रहा है, कल वे किसी और की प्रेरणा बनेंगी, यही शिक्षा की सबसे बड़ी जीत है। कोषाध्यक्ष विनोद लोढ़ा ने कहा कि ये मेडल गले में नहीं, अपितु हौसलों को पहनाए जाते हैं। महाविद्यालय संयोजक डॉ. राकेश हीरावत ने शिक्षा पर किए गए खर्च को निवेश बताते हुए कहा कि आज जिन हाथों में पुरस्कार हैं, कल उन्हीं हाथों में समाज का नेतृत्व होगा। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. स्वाति जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कहा कि हमारा संकल्प है कि हर छात्रा आर्थिक व मानसिक रूप से इतनी सशक्त बने कि उसे किसी सहारे की जरूरत न पड़े। इस अवसर पर मेरिट सूची, खेल-कूद, एनसीसी, एनएसएस तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिह्न, मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं को स्टार्टअप के लिए तैयार करने के लिए नवीन सत्र में इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना की घोषणा की गई।

# City इवेंट्स

## समग्र उपचार पद्धतियों पर मंथन



**बेधड़क. जयपुर।** तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में योग अभ्यास आश्रम ट्रस्ट की ओर से आयोजित 'स्यात योग सम्मेलन' स्वामी अमित देव के सान्निध्य में हुआ। सम्मेलन में योग, ध्यान सत्र, आध्यात्मिक प्रवचन, ज्योतिष, अंक विद्या और समग्र उपचार पद्धतियों पर आधारित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर जयपुर की लाइफ व रिलेशनशिप कोच पूजा शर्मा ने पैनल चर्चा में भाग लेते हुए रिलेशनशिप कोचिंग के साथ ज्योतिष और ऑकल्ट साइंसेज के समावेश पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज के समय में रिलेशनशिप कोचिंग केवल लक्ष्य निर्धारण तक सीमित नहीं है, बल्कि ज्योतिष, टैरो और एनर्जी वर्क जैसी प्राचीन विधाओं के साथ मिलकर लोगों को भावनात्मक स्पष्टता और सही दिशा देने में भूमिका निभा रही है। ज्योतिष दिशा देता है, लेकिन उस पर आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास, स्पष्टता और जिम्मेदारी जरूरी है। कार्यक्रम में पं. सतीश शर्मा, डॉ. मेघा शर्मा, डॉ. अजय भांबी, डॉ. वाई. राखी, प्रो. पुरुषोत्तम गौड़, आचार्य अनुपम जॉली, आचार्य अशोक दीक्षित सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

## भारत में लोकतंत्र की गहरी जड़ें



**बेधड़क. जयपुर।** भारत जैसे विशाल और बहुपरती संस्कृति वाले देश में लोकतंत्र की गहरी जड़ें हैं और उसके लिए प्रेस की स्वतंत्रता विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह विचार दूरदर्शन के पूर्व डायरेक्टर प्रो. डॉ. कृष्ण कुमार रत्तू ने मीडिया पत्रकारों की मुलाकात में व्यक्त किए। गौरतलब है कि जेकेके में 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' के संबंध में मित्र मिलनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न वक्ताओं ने पत्रकारिता के मानक, चुनौतियों और खासकर भारत में प्रेस की मौजूदा स्थिति पर गहन चर्चा की। मुंबई से आए नितीश कमल सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स' में भारत की रैंकिंग में आई गिरावट गंभीर विषय है।

## जयपुर की जिया ने दिल्ली में जीता गोल्ड



**बेधड़क. जयपुर।** मानसरोवर स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल की क्लास 5 की छात्रा जिया महावर ने नई दिल्ली के वसंत कुंज में आयोजित 'फर्स्ट इन मैथ्स' प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर टूर्नामेंट चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। सफलता में उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की भूमिका रही। साथ ही उनकी मां कविता महावर ने घर पर 'मैथ्स 24' गेम का अभ्यास कराकर योगदान दिया।

## हेल्थ कैंप में लाभांवित हुए जयपुराइट्स



**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जयपुर के आतिश मार्केट में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन साईनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट और सद्भावना के सिपाही संगठन ने किया। शिविर पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत का पूरा जीवन जनता की सेवा को समर्पित है। जन्मदिन पर स्वास्थ्य शिविर लगाना उसी सेवा भाव का प्रतीक है। इस दौरान आतिश मार्केट एसोसिएशन अध्यक्ष भूपत राय कांटेवाला, महामंत्री डॉ. नितिन शारदा भगेरिया, वरिष्ठ साथी रामावतार अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारियों ने शिविर में भागीदारी निभाई। मार्केट एसोसिएशन ने आयोजन स्थल की व्यवस्था और लॉजिस्टिक्स में सहयोग दिया। समाजसेवी और कांग्रेस कार्यकर्ता कैलाश शर्मा गुरुजी, पार्षद लादूराम दुलारिया, दीपक धीर, भावना धीर, व्यापार प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान, महामंत्री रमेश कुमावत, त्रिलोक चंद कड़ैल, गणेश जोशी, बसंत जैन शामिल हुए। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मीनल शर्मा और उनकी टीम व प्रसिद्ध डायग्नोस्टिक चैन समूह श्योरवेल हेल्थ केयर की टीम ने सेवाएं दीं। मरीजों की निःशुल्क जांच की और मौसमी बीमारियों से बचाव के टिप्स दिए।

## ईरान युद्ध और उसके भू-राजनीतिक प्रभाव पर सेमिनार

# युद्ध अब तकनीक, रणनीति और आर्थिक प्रभावों पर अधिक निर्भर


सेमिनार में मौजूद विशेषज्ञ।

**बेधड़क** | जयपुर

सप्त शक्ति कमांड की ओर से ज्ञान शक्ति थिंक टैंक ने शनिवार को जयपुर मिलिट्री स्टेशन में 'ईरान युद्ध व उसके भू-राजनीतिक प्रभाव' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में सेवारत अधिकारी, पूर्व सैनिक, शिक्षाविद् व जयपुर के विभिन्न विश्वविद्यालयों-विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस दौरान पैनल में पूर्व चीफ ऑफ एयर स्टाफ, एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया तथा मिडिल ईस्ट के जानकार तीन पूर्व राजदूत दिनकर श्रीवास्तव, गोपाल बागले व सतीश मेहता शामिल रहे, जिन्होंने विषय पर विचार साझा किए। वक्ताओं ने ईरान युद्ध की भौगोलिक स्थिति, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और संबंधित देशों की रणनीतिक सोच पर चर्चा की। साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भूमिका और भविष्य की विश्व व्यवस्था पर इसके प्रभावों को रेखांकित किया।



### एआई और एयर पावर के बढ़ते उपयोग पर मंथन

सेमिनार में बल प्रयोग, नेतृत्व पर हमले, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और एयर पावर के बढ़ते उपयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि आधुनिक युद्ध अब तकनीक, रणनीति और आर्थिक प्रभावों पर अधिक निर्भर हो गया है। समापन संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत, चीफ ऑफ स्टाफ, सप्त शक्ति कमांड ने वक्ताओं के विचारों की सराहना की। उन्होंने वैश्विक स्तर पर आधुनिक युद्धों के उभरते खतरों, अंतरनिर्भरताओं का शस्त्रीकरण, बदलते शक्ति केंद्रों तथा आर्थिक प्रभावों के मुद्दों को रेखांकित किया।

## राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श

**बेधड़क** | जयपुर

अपेक्स यूनिवर्सिटी में 'अपेक्स मॉडल यूनाइटेड नेशंस सम्मेलन-2026' का आयोजन हुआ, जिसमें जयपुर के विभिन्न महाविद्यालयों से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन के तहत छह प्रमुख समितियों - आईपीएल नीलामी, अंतरराष्ट्रीय महिला आयोग, महाभारत विषय, अखिल भारतीय राजनीतिक दल बैठक, अंतरराष्ट्रीय प्रेस सहित अन्य का संचालन किया गया।

दो दिवसीय सम्मेलन में प्रतिभागियों ने विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विषयों पर चर्चा, वाद-विवाद व विचार-विमर्श के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय विदेश सेवा (सेवानिवृत्त) के सुरेश के. गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कूटनीति व वैश्विक परिदृश्य पर विचार साझा किए। इस अवसर पर अपेक्स यूनिवर्सिटी निदेशक वेदांशु जुनिवाल व कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



## एक्ट्रेस प्रीति जिंटा बनीं श्याम किचन मसाले की ब्रांड एंबेसडर



**बेधड़क. जयपुर।** श्याम किचन मसाले को पूरे देश में पहुंचाने के लिए श्यामधणी इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने उत्पादों को बाजार में उतारा और बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा को ब्रांड एंबेसडर बनाया। इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर राम अवतार अग्रवाल ने बताया कि 'श्याम' ब्रांड की स्थापना 1995 में हुई थी और इसके बाद 2010 में रामावतार अग्रवाल ने श्यामधणी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया। इसके बाद यह 2024 में श्यामधणी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रूप में रूपांतरित हुई और दिसंबर 2025 में श्यामधणी इंडस्ट्रीज लिमिटेड एनएसई पर लिस्ट हुई व आईपीओ में ब्रांड सेलिब्रेटी और मार्केटिंग का बजट लिया। उन्होंने बताया कि श्याम ब्रांड स्पाइसेज ने बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा को ब्रांड एंबेसडर बनाया है। साथ ही कंपनी के पीओपी व पैकिंग लेबल पर प्रीति जिंटा की फोटो के साथ कम्पनी के प्रोडक्ट लॉन्च किए गए हैं। कंपनी के प्रोडक्ट नेशनल लेवल पर लाने की हमारी योजना है। पिछले दिनों हमने 12 राज्यों का सर्वे किया है, जिनमें अगले 6 माह में मार्केटिंग प्रारंभ हो जाएगी। इस दौरान हम असम सहित पूर्वोत्तर के सात राज्यों में हमारे साथी सुशील काबरा के सहयोग से सुपर स्टॉकिस्ट एवं सेल्स टीम फाइनल कर चुके हैं। कंपनी के एमडी ने बताया कि हमने किसानों के साथ कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग करवाई है, जिससे आम जनता को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में कंपनी के सेल्स डायरेक्टर विट्ठल अग्रवाल ने कंपनी की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बाबूलाल गुप्ता (अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं राजस्थान खाद्य व्यापार संघ अध्यक्ष) ने भी खाद्य व्यापार से संबंधित विचार साझा किए। अशोक होलानी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्पाद की ब्रांड वैल्यू बनाने के लिए कंपनी ने ब्रांड हायर किया है, जिससे उत्पाद ज्यादा बिकेंगे और ज्यादा पहुंच बनेगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबूलाल गुप्ता ने एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ब्रांड एंबेसडर के चित्र वाले प्रोडक्ट पैकिंग का लॉन्च किया। अंत में श्यामधणी इंडस्ट्रीज के सेल्स हेड प्रदीप पारीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रंग-बिरंगी आभा और नवचेतना से सराबोर रहा फ्रेशर्स फिएस्टा




**बेधड़क. जयपुर।** माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर का प्रांगण नौनिहालों की रंग-बिरंगी आभा, मधुर संगीत एवं खिलखिलाहट से सराबोर हो उठा। मौका था प्री-प्राइमरी विभाग 'एमपीएस संस्कृति' की ओर से फ्रेशर्स फिएस्टा-2026 का। तक्षशिला सभागार में फ्रेशर्स फिएस्टा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हर्षित लोहिया व कीर्ति लोहिया, संदीप भंडारी व सलोनी भंडारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में ईसीएमएस अध्यक्ष उमेश सोनी, उपाध्यक्ष निर्मल दरगड़, महासचिव (शिक्षा) कमल सोमानी, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार मालू, मानद सचिव सी.ए. संजय बांगड़ व भवन सचिव प्रवीण लड्डा, प्रिंसिपल रीटा भार्गव व उप-प्राचार्य डी. डी. पाठक, प्राथमिक प्रभारी मोनिका गोविल व प्री-प्राइमरी प्रभारी नंदिनी खंडेलवाल सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। मानद सचिव ने 'एमपीएस संस्कृति' की दूरदर्शी शैक्षिक सोच को अभिव्यक्त किया। नृत्यों, नाटिकाओं, रैम्प वॉक व 'अर्थ सॉन्ग' के साथ 'वाटर सॉन्ग' जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध किया। विशेष रूप से 'सितारे जमीं पर' की प्रस्तुति ने मन को छुआ। समापन प्रिंसिपल द्वारा प्रबंधन, अभिभावकों व अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

**देवर्षि नारद जयंती** | **पत्रकारों को किया सम्मानित**

# आज सबसे तेज होने की नहीं, सबसे सच्चा होने की जरूरत

**बेधड़क** | जयपुर

विश्व संवाद केंद्र की ओर से पाथेय भवन में देवर्षि नारद जयंती व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि देवर्षि नारद भारतीय परंपरा के प्रथम आदर्श पत्रकार हैं, जिनका जीवन लोक-मंगल, सत्य और संवाद की श्रेष्ठ परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने पत्रकारों का आह्वान किया कि वे सत्य, साहस व संवेदना के साथ राष्ट्र सेवा करें। नारद केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक सिद्धांत हैं। जो समाज में ज्ञान का संचार करे और सूचना को सार्थक दिशा दे, वही सच्चे अर्थों में नारद है। उन्होंने कहा कि नारदजी ने सदैव निर्भीक होकर सत्य को स्थापित किया। उन्होंने वर्तमान समय में सूचना के तीव्र प्रवाह का उल्लेख करते हुए कहा कि आज आवश्यकता केवल सबसे तेज होने की नहीं, बल्कि सबसे सच्चा होने की है। एक गलत सूचना समाज के विश्वास को तोड़ सकती है और विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने मीडिया से अपेक्षा व्यक्त की कि वह सकारात्मक, समाधान प्रधान और राष्ट्रहित में कार्य करने वाली पत्रकारिता को बढ़ावा दे। देवर्षि नारद का संवाद 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना से प्रेरित था और आज की पत्रकारिता को भी इसी दिशा में कार्य करना चाहिए। समाज के वास्तविक अनुभवों से जुड़कर सशक्त व प्रभावी रिपोर्टिंग करें। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पत्रकार लखबीर सिंह, डिजिटल मीडिया में राम गोपाल और प्रिंट मीडिया में मदन कलाल को नारद अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम को निंबाराम और वरिष्ठ पत्रकार गिरीश उपाध्याय ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि, पत्रकारिता के विद्यार्थी व नागरिक उपस्थित रहे।


डॉ. वासुदेव देवनानी



मदन कलाल, राम गोपाल जाट, निंबाराम, गिरीश उपाध्याय और लखबीर सिंह व अन्य।

## सिटी पैलेस में द पैलेस मॉडल यूनाइटेड नेशंस का शुभारंभ

# वैश्विक अस्थिरता व शांति स्थापना के उपायों पर किया विचार-विमर्श

बेधड़क | जयपुर

द पैलेस मॉडल यूनाइटेड नेशंस के चतुर्थ संस्करण का शुभारंभ शनिवार को सिटी पैलेस के प्रीतम चौक में किया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के यूरोपीय भाषा, साहित्य व सांस्कृतिक अध्ययन विभाग की अध्यक्ष डॉ. निधिराय सिंघानी व विशिष्ट अतिथि ओवरसीज शिक्षा विशेषज्ञ पवन सोलंकी रहे। स्कूल की प्रिंसिपल उर्वशी वर्मन ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न समिति सत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया तथा सभी 8 समितियों में संचालित विमर्शों का अवलोकन करते हुए प्रतिभागियों के उत्साह, प्रतिबद्धता व गहन शोध की सराहना की। इस मौके पर 'विरासत, इतिहास व मानवता' विषय-वस्तु पर आधारित सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन सचिव-जनरल-2026, कु. हिमांशी माहेश्वरी ने किया। सम्मेलन के तहत विभिन्न समितियों में समकालीन वैश्विक व राष्ट्रीय विषयों पर गंभीर और सार्थक चर्चा की गई।

इस दौरान वक्ताओं ने यूएनजीए डिस्क में वैश्विक अस्थिरता व शांति स्थापना के उपायों पर विचार-विमर्श किया, जबकि राजस्थान विधानसभा में किशोरों में आत्म-हानि व मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित बढ़ती चुनौतियों पर चर्चा केंद्रित रही।



दीप प्रज्वलित करते पवन सोलंकी, उर्वशी वर्मन, निधि रायसिंघानी और शुभम माहेश्वरी। फोटो: नईम खान

### महिलाओं की सहभागिता का महत्व बताया

चैंबर ऑफ प्रिंसेज में भारत की स्वतंत्रता के संक्रमण काल में रियासतों के विलय तथा उनकी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य का अनुकरण किया गया। यूएनएचआरसी जैसी समितियों में डिजिटल निगरानी व मौलिक मानवाधिकारों के मध्य संतुलन स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया, वहीं आईपीयू समिति में विधायी संरचनाओं में महिलाओं की सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया गया। बीसीसीआई समिति की ओर से मिक्स्ड प्रीमियर लीग के तहत टीम नीलामी की प्रक्रिया का सजीव व रोचक प्रदर्शन हुआ। सम्मेलन में नवाचार व उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए शार्क टैंक समिति से प्रतिभागियों ने विचार प्रस्तुत किए व निवेश-वित्तीय निर्णयों से संबंधित व्यावहारिक अनुभव लिया।



## गहलोत के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पक्षियों के लिए बांधे परिंडे



**बेधड़क. जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन से एक दिन पहले दिन शनिवार को यहां भारत सेवा संस्थान एवं अन्य गांधीवादी संस्थाओं द्वारा सेंट्रल पार्क में सफाई कर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। भारत सेवा संस्थान के सचिव एवं राजस्थान के पूर्व महाधिवक्ता जीएस बापना ने बताया कि इन कार्यक्रमों में सेंट्रल पार्क में सुबह घूमने वाले लोगों के साथ बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थियों, स्काउट एवं गाइड्स और गांधीवादी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। गौरतलब है कि गहलोत का 3 मई को जन्मदिन है। इस बार तेज गर्मी को देखते हुए गहलोत ने राज्य की जनता से जयपुर नहीं आने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में ही प्याऊ लगाने और बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधने सहित जनसेवा के अन्य कार्य करने का आह्वान किया है। बापना के अनुसार, सेंट्रल पार्क में सफाई का यह लगातार दूसरा मौका है। इससे पहले 22 अप्रैल धरती माता दिवस पर सेंट्रल पार्क में 80 बड़े बोरे कचरा एकत्र किया गया था।

## फोटोग्राफर रघु राय को दी श्रद्धांजलि



**बेधड़क. नई दिल्ली।** फोटोग्राफर रघु राय के जीवन और कार्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए 2 मई को चिन्मय मिशन, नई दिल्ली में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। 26 अप्रैल को उनके निधन के बाद आयोजित इस सभा में परिवार, मित्र, सहकर्मी, कलाकार, लेखक तथा दिल्ली और देश के विभिन्न हिस्सों से आए अनेक प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मैग्नम फोटोग्राफर रघु राय के प्रति अपना प्रेम और आभार व्यक्त किया। सभा में उनके लंबे और प्रभावशाली फोटोग्राफी सफर को याद करते हुए भावुक माहौल देखने को मिला। गौरतलब है कि 62 वर्षों के अपने फोटोग्राफी कॅरिअर में रघु राय ने जो ऊंचाइयां हासिल कीं, वे विश्व फोटोग्राफी जगत में अद्वितीय मानी जाती हैं। उनके योगदान को लेकर देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर से लगातार श्रद्धांजलि संदेश प्राप्त हो रहे हैं। इसी कड़ी में 'इंडिया टुडे' ने भी घोषणा की है कि वह अपनी पत्रिका का एक विशेष अंक प्रकाशित करेगा, जो पूर्ण रूप से रघु राय को समर्पित होगा।

## MEET & GREET




*जयपुर। जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पाली ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व हॉकी राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिपाल सिंह निम्बारा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र में खेलों के विकास, खेल संघों के संचालन व आगामी प्रतियोगिताओं को लेकर चर्चा हुई। साथ ही खेल अवसंरचना को मजबूत करने और स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर उभरते खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।*

## 'बियॉन्ड द बोल्ड एंड ब्यूटीफुल' का पोस्टर लॉन्च



डॉ. जगदीश चंद्र के साथ वर्तिका जैन, निधि शर्मा, नीलम सक्सेना, मोनिका कड़वासरा, ललिता नेहरा और शाहरुख। फोटो: सुनील शर्मा

*बेधड़क, जयपुर। द फोर्ट जयपुर में 15 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'बियॉन्ड द बोल्ड एंड ब्यूटीफुल' के लिए शनिवार को होटल रामबाग पैलेस में ग्रीट एंड मीट सत्र का आयोजन किया गया। डॉ. जगदीश चंद्र भी समारोह में शामिल हुए। सत्र के दौरान डॉ. जगदीश चंद्र ने डब्ल्यूएनआई-वुमनारी फोरम की संस्थापक नीलम सक्सेना के साथ कार्यक्रम का आधिकारिक पोस्टर लॉन्च किया। गौरतलब है कि कार्यक्रम में फर्स्ट इंडिया न्यूज आधिकारिक मीडिया पार्टनर है। इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया फैमिली की वर्तिका जैन और टीम के सदस्य निधि शर्मा, मोनिका कड़वासरा, शाहरुख और ललिता नेहरा भी उपस्थित रहे।*

## वार्ड 74 में होंगे 45 लाख के विकास कार्य



**बेधड़क. जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज की निवर्तमान महापौर कुसुम यादव ने शनिवार को रामगंज बाजार स्थित निवाई महन्त का रास्ता में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सीवर लाइन व पानी की लाइन डालने के कारण क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण से अब स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और आमजन को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। 45 लाख रुपए से निवाई महन्त का रास्ता और महादेव व आसपास के क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। निवर्तमान महापौर ने कहा कि निगम का उद्देश्य पुराने शहर के ऐतिहासिक और व्यावसायिक इलाकों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए आभार जताया। लोगों ने कहा कि सड़क बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र का विकास भी तेजी से होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शहर के अन्य इलाकों में भी इसी तरह विकास कार्य जारी रहेंगे। इस दौरान जयपुर शहर उपाध्यक्ष अजय यादव, अधिशासी अभियंता लक्ष्मीनारायण मीणा, अक्षय यादव, उमेश शर्मा, नरेश विजयवर्गीय, सम्पत बिसला, पिंकू शर्मा, संजय सैनी, राकेश यादव, सुमित यादव, गोपी किशन यादव, योगेन्द्र शर्मा, विष्णु शर्मा, सुभाष सैन मौजूद रहे।

## ओटीएस में योग साधकों का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** ओटीएस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सम्मान समारोह में योग के प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और 100 से अधिक योग साधकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शिव शक्ति योग ग्रुप, मीरा मार्ग मानसरोवर के योगाचार्य रूपनारायण जेदिया को विशेष रूप से सम्मानित किया। समारोह में योग के महत्व और इसके व्यापक प्रसार पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर निवर्तमान महापौर सौम्या गुर्जर, प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार, उप सचिव इंद्रजीत सिंह, आयुर्वेद निदेशक आनंद कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सराफ ने किया ट्यूबवेल का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने टोंक रोड पर दिवाकर पथ, पार्वती कॉलोनी में जलदाय विभाग की ओर से लगाए गए ट्यूबवेल का लोकार्पण किया। पूर्व पार्षद रमेश सैनी ने बताया कि पार्वती कॉलोनी और आसपास की कॉलोनियों में पानी की समस्या रहती है। गर्मी के दिनों में पानी कम आता है। नया ट्यूबवेल कराया गया है, जिसका लोकार्पण किया गया। स्थानीय लोगों व व्यापार मंडल के सदस्यों ने सराफ का स्वागत कर आभार जताया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता नंदिनी गुप्ता, सहायक अभियंता हिमानी सिंघल, कनिष्ठ अभियंता अनुराधा मीणा, हेम प्रकाश डेरेवाला, पवन शर्मा, पंकज जिंदल, रामस्वरूप अजमेरा व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## हैप्पी बर्थ डे



बर्थ डे गर्ल अलफिरदौस खान के साथ चेतना आत्रेय, आकांक्षा भल्ला, विजय लक्ष्मी और निशा। फोटो: मुकेश किराड़ू

*बेधड़क.जयपुर। सुपर मॉडल अलफिरदौश खान का 26वां जन्मदिन शुक्रवार को मानसरोवर स्थित कॉर्नर हाउस में सेलिब्रेट किया गया। डॉ. जगदीश चंद्र ने भी अवसर की शोभा बढ़ाई और बर्थडे गर्ल को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत केक कटिंग सेरेमनी से हुई। मित्रों, परिवारजनों और शुभचिंतकों के साथ गौरव गौड़, ईएमआर डायरेक्टर, मेंटर आकांक्षा भल्ला और मॉडल्स चेतना आत्रेय, विजय लक्ष्मी व निशा सहित कई लोग उपस्थित रहे।*



अलफिरदौस खान और गौरव गौड़।

## 'सुरक्षा सखी' का विमोचन आज



**जयपुर।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीमा हिंगोनिया की पुस्तक 'सुरक्षा सखी' का विमोचन रविवार को झालाना ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में किया जाएगा। पुस्तक महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए मार्गदर्शिका है, जिसमें महिलाओं की पीड़ा को कहानियों, कानूनों, संवाद, प्रश्नोत्तरी और समस्या समाधान के माध्यम से कानूनों की जानकारी दी गई है। लेखिका सीमा आरएसी थर्ड बटालियन, बीकानेर में कमांडेंट के पद पर हैं। राजभाषा मंत्रालय की केंद्रीय हिंदी समिति की पूर्व सदस्य डॉ. रमा सिंह कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. लाड कुमारी जैन विशिष्ट अतिथि होंगी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/003/2026-28

# न्यूज बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, रविवार, 03 मई, 2026



नेतृत्व दूरदृष्टि के माध्यम से कार्य करने की प्रेरणा देता है।
-डॉ. जगदीश चंद्र, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



### माटी कला को मिलेगा बढ़ावा, शिल्पकारों के विकास और सामाजिक सुरक्षा पर जोर

# डबल इंजन सरकार की योजनाएं बन रहीं सर्वजन उत्थान का आधार: सीएम

**बेधड़क** | जयपुर

कुम्हार, कुमावत और प्रजापत समाज के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट घोषणाओं और समाज हित में किए जा रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और लोक कल्याणकारी योजनाएं सर्वजन विकास का आधार बन रही हैं। उन्होंने कहा कि माटी कला के उत्पाद शगुन और प्रगति के प्रतीक हैं तथा इस कला से जुड़े शिल्पकार विकसित राजस्थान के "माटी के लाल" हैं। बदलते समय में माटी कला से जुड़े लोगों की समस्याओं का समाधान कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।

**योजनाओं का विस्तार:** मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को 5 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब तक 2 लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रशिक्षण और 53 हजार से ज्यादा लोगों को ऋण दिया जा चुका है। इसके साथ ही श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडर्स और लोक कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना शुरू की गई है, जिसमें 60 वर्ष की आयु के बाद 3 हजार रुपए मासिक पेंशन का प्रावधान है। उन्होंने विद्यार्थियों के हित में छात्रावास और आवासीय विद्यालयों में दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 3,250 रुपए प्रति माह करने तथा एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 8 के बाद प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था का भी उल्लेख किया।



*मुख्यमंत्री निवास पर कुम्हार, कुमावत और प्रजापत समाज के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते सीएम।*

## माटी कला को मिलेगा प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि माटी कला के विकास के लिए 'माटी कला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जाएगा। साथ ही माटी कला बोर्ड के माध्यम से 1,350 कामगारों को निशुल्क इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। डूंगरपुर में शिल्पग्राम निर्माण के लिए 9 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास पर जोर देते हुए बताया कि करीब साढ़े 3 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत लगभग 2 लाख युवाओं को इंटर्नशिप मिल रही है। इसके अलावा 144 आईटीआई में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सरकार के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'माटी राजस्थान री' पुस्तक का विमोचन किया और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को "माटी के लाल" पुरस्कार से सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री ने त्रिवेणी धाम में की पूजा-अर्चना



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को शाहपुरा के त्रिवेणी धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने रामरिछपाल दास जी महाराज से आत्मीय मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।*

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को शाहपुरा स्थित त्रिवेणी धाम में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर में सीताराम जी और नृसिंह भगवान के समक्ष प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संत रामरिछपाल दास महाराज से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। साथ ही गंगादास महाराज की समाधि स्थल पर माल्यार्पण किया और भगवानदास महाराज एवं नारायणदास महाराज की प्रतिमाओं के दर्शन किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोशाला में गौ पूजन कर गायों को चारा खिलाया। कार्यक्रम में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी और पूर्व विधायक अशोक परनामी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## बेधड़क FIRST

### क्या जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने दे रखा है 'अभयदान'?



महल रोड के एक हिस्से में अवैध निर्माण को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। डी मार्ट से आरओबी तक तेजी से बहुमंजिला इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। प्रवर्तन शाखा की ओर से सख्त कार्रवाई नहीं होने से निर्माणकर्ता बेखौफ नजर आ रहे हैं। फर्स्ट इंडिया न्यूज की ओर से लगातार मामला उठाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। करीब एक महीने पहले जेडीए ने एक इमारत सील की थी, लेकिन इसका असर मौके पर दिखाई नहीं दे रहा। स्थानीय स्तर पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण बढ़ते जा रहे हैं, जबकि संबंधित अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

### आखिर किस हाल में हैं बाघिन 'भक्ति' के दुलारे?

नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में 18 अप्रैल को जन्मे बाघिन 'भक्ति' के दो शावक अब 15 दिन के हो चुके हैं। एक शावक जन्म से कमजोर बताया गया था, जबकि दूसरा स्वस्थ था। दोनों की देखभाल निओ नेटल केयर सेंटर में हो रही है, लेकिन अब तक उनकी तस्वीर और स्वास्थ्य अपडेट सार्वजनिक नहीं की गई है।

### अब सिर्फ प्रवेश पत्र से नहीं होगी मुफ्त यात्रा!




प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को मिलने वाली मुफ्त यात्रा सुविधा में बदलाव की तैयारी है। अब तक केवल प्रवेश पत्र दिखाकर रोडवेज बसों में यात्रा की सुविधा मिल रही थी, लेकिन जल्द ही इसके लिए पूर्व रजिस्ट्रेशन जरूरी किया जाएगा। प्रबंधन इस नवाचार पर काम कर रहा है, जिससे सुविधा व्यवस्थित हो सके।

### दिव्यांग शिक्षा में बड़ा खेल, नियम धरे के धरे!

प्रदेश के विशेष स्कूलों में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। नियमों और आरसीआई निर्देशों के बावजूद विशेष शिक्षकों की कमी बनी हुई है। 203 पदों में से 148 पर सामान्य शिक्षक तैनात हैं, जबकि 55 स्वीकृत विशेष पदों में से 19 खाली हैं। सात स्कूलों में सामने आई गड़बड़ी से करीब 1250 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मामला मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है।

### आखिर शिक्षा विभाग को बच्चों की छुट्टी बढ़ाने में क्या हर्ज?



तपती गर्मी के बीच स्कूलों की छुट्टियों को लेकर शिक्षा विभाग के फैसले का विरोध बढ़ रहा है। शिविरा पंचांग में 20 जून तक अवकाश तय होने से अभिभावक और शिक्षक असंतुष्ट हैं। कभी एडवाइजरी तो कभी कलेक्टरों को निर्देश जारी हो रहे हैं, लेकिन राहत नहीं मिली। एक अप्रैल से सत्र शुरू करने के बदले प्लान के बीच अब छुट्टियां 30 जून तक बढ़ाने की मांग जोर पकड़ रही है।

### जरूरत स्पेशल टीचर की, लगाए जनरल!

दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व्यवस्था में गंभीर खामियां सामने आई हैं। जरूरत विशेष शिक्षकों की है, लेकिन स्कूलों में सामान्य शिक्षक लगाए गए हैं। कागजों में व्यवस्था मजबूत दिख रही है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति उलट है। 203 पदों में असंतुलन के चलते ज्यादातर सामान्य शिक्षक तैनात हैं, वहीं विशेष शिक्षकों के कई पद अब भी खाली पड़े हैं।

### विजय स्तंभ के झरोखे से 'राजकाज' के फैसले की गपशप...!

मृत व्यक्ति को फाइलों में जीवित दिखाकर जमीन विवाद का फैसला पलट दिया गया। लॉकडाउन के दौरान बंद दफ्तरों के बीच यह पूरा खेल रचा गया। वर्ष 2012 में मौत के बाद 2021 में तामील से इनकार दिखाया गया और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कुछ ही दिनों में मामला बदल दिया गया। जमीन से कोई संबंध नहीं होने के बावजूद अपील दर्ज कर एकतरफा आदेश हासिल किया गया। अदालत ने पाया कि नियमों की अनदेखी कर निर्णय करवाया गया और असली पक्ष को बाहर रखा गया। साजिश और धोखाधड़ी मानते हुए चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## कोटा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सुनी जनसमस्याएं



**बेधड़क** | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शुक्रवार को अपने गृह जिले के प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने कोटा स्थित कैंप कार्यालय में स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद और बैठक की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं और सुझाव लेकर पहुंचे। लोकसभा अध्यक्ष ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दे सामने आए, जिन पर अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## गहलोत का जन्मदिन आज, सेवा कार्य करने की अपील

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने जन्मदिन से पहले कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से खास अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत इस समय दुनिया के सबसे गर्म देशों में शामिल है और उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी व लू ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की आशंका जताते हुए उन्होंने इसे गंभीर चिंता का विषय बताया। गहलोत ने आग्रह किया कि 3 मई को उनके जन्मदिन पर जयपुर आने के बजाय कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में रहकर सेवा कार्य करें। मौसम सामान्य होने पर वे स्वयं सभी से मुलाकात करेंगे। पूर्व सीएम ने लोगों से भीषण गर्मी में अपना और अपने परिवार का विशेष ध्यान रखने और लू से बचाव के पर्याप्त इंतजाम करने की सलाह दी।

### 'मरुधरा प्रतिबद्धता दिवस' का भव्य आयोजन

# नवाचार, एआई और सतत संसाधन प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने पर जोर

**बेधड़क** | जोधपुर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर ने अपने प्रथम 'मरुधरा प्रतिबद्धता दिवस' का भव्य आयोजन कर नई परंपरा की शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास रहे, जबकि संस्थान के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उपलब्धियों और भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। रणनीतिक संवाद सत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान पारिस्थितिकी और राज्य के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्य सचिव ने जोधपुर सिटी नॉलेज एंड इनोवेशन फाउंडेशन संग्रहालय और आर्टिजन शॉप का अवलोकन किया तथा सेंट्रल रिसर्च फैसिलिटी में ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सुविधा का उद्घाटन किया। उन्होंने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मुख्य सचिव ने 'विकसित राजस्थान @2047' के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए आईआईटी जोधपुर के साथ नवाचार, एआई आधारित विनिर्माण और सतत संसाधन प्रबंधन में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया।



*जोधपुर आईआईटी के कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और संस्थान के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल चर्चा करते हुए।*

## पचपदरा रिफाइनरी का मरम्मत कार्य जारी

पचपदरा रिफाइनरी में 20 अप्रैल को लगी भीषण आग के बाद अब स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को बताया कि रिफाइनरी को सीमित नुकसान हुआ है और मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

एलएंडटी के करीब 450 कर्मचारी एचपीसीएल की निगरानी में दिन-रात काम कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि मई के तीसरे सप्ताह तक सभी डैमेज वर्क पूरा कर ट्रायल फिर से शुरू कर दिया जाएगा। मुख्य सचिव ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नुकसान ज्यादा नहीं है और मरम्मत का काम शुरू हो चुका है। साथ ही घटना के कारणों की जांच एचपीसीएल द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार '2047 में विकसित राजस्थान' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है।

### घटिया स्टील के इस्तेमाल की बात गलत

वहीं, पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल ने रिफाइनरी में घटिया स्टील के इस्तेमाल की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि इतनी बड़ी राष्ट्रीय परियोजना में किसी प्रकार का समझौता संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ होता है। साथ ही उन्हें मिली धमकी के मामले में उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी है, जिस पर कार्रवाई जारी है।

## दीपक माहेश्वरी बने सेक्रेटरी जनरल

**बेधड़क** | जयपुर



एसोसिएशन ऑफ रिटायर्ड जजेज ऑफ सुप्रीम कोर्ट एंड हाई कोर्ट्स ऑफ इंडिया की 18वीं वार्षिक आम बैठक एजीएम के दौरान हुए चुनावों के बाद शुक्रवार को नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें दीपक माहेश्वरी को सेक्रेटरी जनरल नियुक्त किया गया। दीपक माहेश्वरी न्यायिक क्षेत्र में लगभग 38 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद वर्ष 2018 में राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हुए थे। जयपुर में आयोजित इस चुनाव प्रक्रिया में राजस्थान के कई सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गईं। इस दौरान एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष रहे 95 वर्षीय वी. एस. दवे को पेट्रन बनाया गया है। इसके अलावा अजय रस्तोगी और दिनेश माहेश्वरी को सलाहकार मंडल में शामिल किया गया है। वहीं जे. के. रांका को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया, जबकि विजय कुमार व्यास को सेक्रेटरी नियुक्त किया गया। इसी प्रकार एम. एन. भंडारी को कोषाध्यक्ष और एन. के. जैन को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का शुभारंभ सीजेआई सूर्यकांत ने किया था, जिसमें देशभर से सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने भाग लिया था। यह आयोजन न्यायिक अनुभवों के आदान-प्रदान और संस्थागत मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में 5 मई को होगा आयोजन

# कॉन्फ्रेंस में सात राज्यों के विधानसभा स्पीकर होंगे शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में 5 मई को विधानसभा अध्यक्षों का महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है, जिसमें सात राज्यों के स्पीकर भाग लेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विधानसभाओं की समितियों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। यह बैठक लोकसभा की ओर से गठित सात सदस्यीय समिति के तहत आयोजित की जा रही है और यह इसकी दूसरी बैठक होगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के अनुसार सम्मेलन का आयोजन जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में किया जाएगा। इसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के विधानसभा अध्यक्ष शामिल होंगे। हालांकि, पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी की भागीदारी को लेकर संशय बना हुआ है, क्योंकि 4 मई को वहां चुनाव परिणाम घोषित होने हैं। इस समिति की अध्यक्षता मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम कर रहे हैं, जो इस कॉन्फ्रेंस के चेयरपर्सन भी हैं।



### समितियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा व सुधारों पर होगी चर्चा

बैठक में विभिन्न राज्यों की विधानसभा समितियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा के साथ सुधार के उपायों पर विस्तृत चर्चा होगी। प्रमुख एजेंडे में समितियों की रिपोर्ट पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना, प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना, तकनीक का बेहतर उपयोग और समितियों की जवाबदेही को मजबूत करना शामिल है। साथ ही, समितियों की सिफारिशों को प्रभावी ढंग से लागू करने के तंत्र पर भी मंथन किया जाएगा।

### 'नक्षत्र हर्बल वाटिका' का उद्घाटन होगा

कार्यक्रम के तहत 5 मई को विधानसभा परिसर में 'नक्षत्र हर्बल वाटिका' का उद्घाटन भी किया जाएगा। इसके बाद आगंतुक स्पीकर्स को विधानसभा संग्रहालय का भ्रमण कराया जाएगा और फिर कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में औपचारिक बैठक होगी। इस समिति की रिपोर्ट आगामी ऑल इंडिया प्रीसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत की जाएगी, जिससे देशभर की विधानसभाओं में समितियों को और अधिक प्रभावी बनाने का मार्ग प्रशस्त हो सके। गौरतलब है कि इस समिति की पहली बैठक भोपाल में आयोजित हुई थी। जयपुर में होने वाली दूसरी बैठक से कई अहम सुधारों की दिशा तय होने की उम्मीद है। सम्मेलन के दौरान आयोजित लंच कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, संसदीय कार्य मंत्री और नेता प्रतिपक्ष को भी आमंत्रित किया गया है।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित। **प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।